राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 14 अंकः 115 पृष्ठः 08 RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com उत्तराखण्ड संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड






पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल पंचतत्व में विलीन हो गए। पैतृक गांव बादल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। बेटे सुखबीर बादल ने उन्हें मुखाग्नि दी।

# 'रेवड़ी कल्चर' को करना होगा खत्मः मोदी

### कार्यकर्ताओं को किया संबोधितः मुफ्त की रेवड़ी की राजनीति की वजह से कई राज्य बेतहाशा खर्च अपनी दलगत भलाई के लिए कर रहेः मोदी

**"बूथ जीतेंगे चुनाव जीतेंगे"**

= सत्ता और भ्रष्टाचार का साधन बना दिया है। सत्ता को हासिल करने के लिए वे 'साम दाम दण्ड भेद' हर तरीके का इस्तेमाल कर रहे हैं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कुछ** राजनीतिक दलों ने राजनीति को सिर्फ सत्ता और भ्रष्टाचार का साधन बना दिया है। इन दलों को देश के भविष्य, आने वाले पीढ़ियों और कनार्टक के भविष्य की कोई चिंता नहीं है। ये कहते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधा है। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए कर्नाटक में बीजेपी के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया है। इस दौरान उन्होंने चुनावी मंत्र देते हुए कहा, "बूथ जीतेंगे तभी चुनाव जीतेंगे।"

**रेवड़ी कल्चर को छोड़ना होगा पीछेः** पीएम मोदी ने कहा कि हमारे देश में कुछ राजनीतिक दलों ने 'राजनीति' को सिर्फ सत्ता और भ्रष्टाचार का साधन बना दिया है। सत्ता को हासिल करने के लिए वे 'साम दाम दण्ड भेद' हर तरीके का इस्तेमाल कर रहे हैं। साथ ही इन पार्टियों को देश के भविष्य की, आने वाले पीढ़ियों की, कनार्टक के भविष्य की कोई चिंता नहीं है। मुफ्त की रेवड़ी की राजनीति की वजह से कई राज्य बेतहाशा खर्च अपनी दलगत भलाई के लिए कर रहे हैं। राज्य डूबते चले जा रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों का भी ये खा जा रहे हैं।



## विरोधियों पर पीएम मोदी का हल्ला बोल



**प्रधानमंत्री** ने बताया कि बीजेपी आने वाले 25 सालों में भारत के विकास को लेकर रोड मैप पर काम कर रही है जबकि विरोधियों का एजेंडा सत्ता हथियाना है और हमारा एजेंडा देश को 25 सालों में विकसित करना है साथ ही गरीबी से भी मुक्त करना है।

9 सालों में एम्स की संख्या तीन गुना बढ़ीः पीएम मोदी ने पिछली सरकारों पर हमला बोलते हुए कहा कि 60 सालों में एम्स की संख्या 1 से बढ़कर 7 हुई जबकि बीजेपी सरकार आने के बाद सिर्फ 9 सालों में हमने देश में एम्स की संख्या को तीन गुना बढ़ा दिया। ये ताकत है डबल इंजन सरकार की। अब देश में 20 एम्स हैं और 3 एम्स पर काम चल रहा है।

## पीएम मोदी जहरीले सांप जैसेः खड़गे



**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरू**

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जहरीला सांप कहा है। कर्नाटक के कलबुरगी में गुरुवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा कि पीएम मोदी जहरीले सांप की तरह हैं। आप सोच सकते हैं कि यह जहर है या नहीं, लेकिन यदि आप उसे चखेंगे, तो आपकी मौत हो जाएगी। इसके बाद रोन में हुई सभा में खड़गे ने कहा कि भ्रष्ट भाजपा सरकार राज्य को लूट रही है।

यहां हर काम के लिए 40% कमीशन वसूला जाता है। भाजपा की सरकार उन लोगों को देश से भगाने में मदद करती है, जिन पर घोटालों का आरोप लगा होता है। पीएम खुद भ्रष्ट लोगों को बचाने में लगे हैं। इससे पहले, पीएम ने आज कर्नाटक के 50 लाख बीजेपी कार्यकर्ताओं को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कांग्रेस पर चुनावी वादे पूरे न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मतलब है झूठी गारंटी, कांग्रेस का मतलब है भ्रष्टाचार की गारंटी।

इसके जवाब में खड़गे ने पूछा कि क्या पीएम मोदी के पास यह साबित करने के लिए कोई डेटा है कि कांग्रेस के वादे पूरे नहीं हुए।

**पीएम ने निराशा में की अपमानजनक टिप्पणीः** वहीं, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा कि 10 मई को कर्नाटक की जनता बीजेपी के 40% कमीशन वाली सरकार को खत्म करने की गारंटी देगी। राज्य में कांग्रेस की गारंटी लागू की जाएगी, जैसे हमने राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश में की है।

## समलैंगिक विवाह के सवाल पर विश्वव्यापी सर्वेक्षण में सहभागी बनें



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**देशभर** में एक गंभीर और व्यापक बहस छिड़ी हुई है। यह समलैंगिक विवाह के संबंध में है। समलैंगिक विवाह की इस बहस के बीच दृष्टि स्त्री अध्ययन प्रबोधन केन्द्र ने एक देशव्यापी ही नहीं बल्कि विश्वव्यापी सर्वेक्षण शुरू किया है। इसमें मुख्य रूप से चार सवालों पर लोगों की राय मांगी गई है। दृष्टि अध्ययन केन्द्र का समलैंगिक विवाह के बारे में पहला प्रश्न है- क्या आप मानते हैं कि भारत में समलिंगी विवाह एक गंभीर सामाजिक विषय है? दूसरा, क्या आपको लगता है समलिंगी संबंध नैसर्गिक है? तीसरा, भारत में क्या समलिंगी विवाह को वैधानिक मान्यता देना उचित होगा? और चौथा, क्या भारत में समलिंगी विवाह को वैधानिक मान्यता मिलने से भारतीय समाज पर अनुचित परिणाम होंगे?

## कृषि यंत्रीकरक्रि के तहत किए 6120.85 करोड़ रुपये खर्चः तोमर



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्रीय** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मोदी सरकार किसानों की हरसंभव मदद कर रही है। किसान टेक्नोलॉजी का खेती में अधिक से अधिक उपयोग करें, इस बाबत व्यापक स्तर पर काम किया जा रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री तोमर ने गुरुवार को कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री व ट्रैक्टर एंड मैकेनाइजेशन एसोसिएशन की ओर से फार्म मशीनरी टेक्नोलॉजी पर आयोजित शिखर सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए अपनी बात साझा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कृषि यंत्रीकरण उप-मिशन के तहत प्रशिक्षण, परीक्षण, सीएचसी, हाई-टेक हब, फार्म मशीनरी बैंकों की स्थापना जैसी विभिन्न गतिविधियों के लिए वर्ष 2014-15 से 2022-23 तक राज्यों को 6120.85 करोड़ रुपये की राशि केन्द्र की ओर से जारी की गई है।

## पीएम आज करेंगे 91 एफएम ट्रांसमीटरों का उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी 28 फरवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 100 वॉट के 91 एफएम ट्रांसमीटरों का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन देश में रेडियो कनेक्टिविटी को और बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार 91 नए 100 वॉट एफएम ट्रांसमीटर 18 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 84 जिलों में स्थापित किए गए हैं। इस विस्तार का विशेष ध्यान आकांक्षी जिलों और सीमावर्ती क्षेत्रों में कवरेज बढ़ाने पर रहा है। कवर होने वालों में बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, नगालैंड, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, केरल, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, लद्दाख और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह शामिल हैं।

## सूडान से 613 लोग भारत एयरलिफ्ट

**टीम एक्शन इंडिया/खार्तूम/नई दिल्ली**

**सूडान में** सिविल वॉर के बीच ऑपरेशन कावेरी के तहत भारतीयों को निकाला जा रहा है। इसके दूसरे दिन देर रात 367 नागरिकों का पहला बैच सऊदी अरब के जेद्दाह से नई दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा। इनमें 9 लोग तमिलनाडु के थे जो गुरुवार सुबह दिल्ली से चेन्नई पहुंच गए। एयरपोर्ट पर लोगों ने 'भारत माता की जय, इंडियन आर्मी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद' के नारे लगाए। रेस्क्यू की गई एक बच्ची ने कहा- हम वहां किसी भी पल मारे जा सकते थे। इसके अलावा गुरुवार दोपहर 246 भारतीयों के दूसरा बैच



को IAF के C17 ग्लोबमास्टर से मुंबई लाया गया।

विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने गुरुवार को मिशन कावेरी पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद जल्द से जल्द अपने लोगों को सेफ जगह भेजकर उन्हें भारत लाना है। सूडान में हालात बेहद खराब हैं, हम हर भारतीय को वहां से बाहर निकालेंगे।

## सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 12 मई तक बढ़ी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी नीति मामले में आप नेता और दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 12 मई तक बढ़ा दी है। केस की जांच सीबीआई कर रही है। वहीं, सीबीआई केस में जमानत को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट सुनवाई के दौरान बेंच ने सीबीआई से कहा कि अगर आपके पास वो सबूत हैं, जिन पर आपको भरोसा है, तो हमें भी दिखाएं।

**ईडी केस में जमानत पर फैसला 28 अप्रैल तक टलाः** दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने फैसला 28 अप्रैल तक टाल दिया है। इसके पहले, सीबीआई ने पहली बार अपनी चार्जशीट में मनीष सिसोदिया का नाम आरोपी के तौर पर कोर्ट में पेश किया। सीबीआई ने मंगलवार को ही राउज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। सिसोदिया के अलावा जांच एजेंसी की चार्जशीट में हैदराबाद के सीए बुच्ची बाबू गोरंटला, अर्जुन पांडे और अमनदीप सिंह ढल का भी नाम आरोपी के रूप में शामिल है। कोर्ट चार्जशीट पर 12 मई को सुनवाई करेगा। बुच्ची बाबू गोरंटला तेलंगाना के सीएम चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता हैं।

## बघेल ने जवानों की पार्थिव देह को दिया कंधा

**टीम एक्शन इंडिया/दंतेवाडा**

**छत्तीसगढ़** में दंतेवाड़ा के अरनपुर में शहीद हुए 10 जवानों को अंतिम सलामी दी गई। इस दौरान राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री बघेल के साथ गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू भी दंतेवाड़ा पहुंचे हैं। दोनों नेताओं ने शहीद जवानों के पार्थिव शरीर को कंधा भी दिया। इसके बाद वह जवानों के परिजनों से भी मिले। मुख्यमंत्री यहां पर अफसरों के साथ उच्च स्तरीय बैठक भी लेंगे। शहीद जवानों के पार्थिव शरीरों को उनके गृह ग्राम के लिए रवाना किए जा रहे हैं।

**नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगाः** मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि, हमारे जवानों ने नक्सलियों से लड़ते हुए शहादत



दी है। उनकी ये शहादत बेकार नहीं जाएगी। नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई अब और तेज होगी। मुख्यमंत्री ने कहा, नक्सलियों को हमारे जवान घेरकर जंगल में मारते हैं और उनके शवों को लेकर भी आते हैं। नक्सलियों को अब मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उनको अब ज्यादा नुकसान उठाना पड़ेगा। लगातार नक्सलियों का दायरा घटता जा रहा है।

**परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासनः** मुख्यमंत्री बघेल ने पुलिस लाइन में शहीद जवानों के परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवदेनाएं प्रकट कीं। उन्होंने परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। जवानों को श्रद्धांजलि देने पीसीसी चीफ मोहन मरकाम, बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी आदि मौजूद रहे।

## जंतर-मंतरः पहलवानों को अब मिला जयंत चौधरी का साथ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारतीय** कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर खिलाड़ियों का धरना पांचवें दिन भी जारी है। इसी कड़ी में धरने पर बैठे पहलवानों को अब राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के अध्यक्ष जयंत चौधरी का भी साथ मिल गया है

**डर का माहौल बनाया गयाः** गुरुवार



को जंतर मंतर पहुंचे जयंत ने कहा कि गंभीर और संवेदनशील आरोप है। डर का माहौल बनाया गया है। सरकार को तीन महीने पहले ही खिलाड़ियों की बात माननी चाहिए थी। अब इस मामले में तुरंत केस दर्ज होना चाहिए। इसके साथ ही हरियाणा से कई खाप पंचायत के सदस्य भी जंतर मंतर पर धरना दे रहे खिलाड़ियों का समर्थन करने पहुंचे हैं।

**खिलाड़ियों के साथ न्याय होना चाहिएः** इसी कड़ी में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकेत भी जंतर मंतर पर धरना दे रहे खिलाड़ियों का समर्थन करने पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के साथ न्याय होना चाहिए। यह बहुत शर्मनाक है कि देश के गौरव को न्याय के लिए धरने पर बैठना पड़ रहा है। बृजभूषण के खिलाफ तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। गौरतलब है कि इससे पहले कल बुधवार को बिहार के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने धरनास्थल पर पहुंचकर खिलाड़ियों का समर्थन किया था।

## बद्रीनाथ धाम के कपाट खुले



**टीम एक्शन इंडिया/ऋषिकेश**

**उत्तराखंड** की चारधाम यात्रा 22 अप्रैल से शुरू हो चुकी है। यात्रा के चौथे धाम बद्रीनाथ के कपाट गुरुवार को खुल गए हैं। सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर पहली पूजा की गई है। बद्रीनाथ धाम को 15 क्विंटल गेंदे के फूलों से सजाया गया है। सुबह से ही बद्रीनाथ धाम के बाहर बर्फबारी हो रही है। इसके बाद भी सैकड़ों श्रद्धालु धाम के बाहर जुटे रहे। इस दौरान आर्मी बैंड धुनें बजाता रहा और लोगों ने जय बद्री विशाल के नारे लगाए।

## 'भाजपा शिमला निगम चुनाव जीतेगी'



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**केंद्रीय सूचना** एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि मोदी व प्रदेश की पूर्व जयराम सरकार की उपलब्धियों के बूते भाजपा शिमला नगर निगम चुनाव जीतेगी। उन्होंने कहा कि पर्वतमाला प्रोजेक्ट के तहत शिमला के लिए रोपवे के साथ साथ स्काई रेल भी बनाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने हिमाचल को करोड़ों के प्रोजेक्टों की सौगात दी है। कालका- शिमला फोरलेन पर काम तेजी से चल रहा है। नंगल - तलवाड़ा रेल लाइन का काम लगभग पूरा हो गया है। भानुपली-बिलासपुर रेल प्रोजेक्ट के लिए केंद्र ने इस साल एक हजार करोड़ मंजूर किए हैं। राज्य सरकार इसमें अपने हिस्से की रकम नहीं दे रही। अनुराग ठाकुर शिमला में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक ओर केंद्र सरकार राज्य को करोड़ों की सौगातें दे रही है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश की सुखविंदर सरकार 4 माह में अब तक 6 हजार करोड़ का कर्ज ले चुकी है। सरकार रोजाना औसतन करीब 40 करोड़ कर्ज ले रही है। उन्होंने कहा कि देश की चौथी वंदे भारत ट्रेन हिमाचल प्रदेश को मिली है। कालका-शिमला ,जालंधर-नादौन व मटौर जैसी सडके फोरलेन और प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना जैसी सडकों पर हजारों कराड़ रुपए खर्च हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 6500 करोड़ रुपए के स्मार्ट सिटी प्रोजैक्ट स्वीकृत किए हैं। जिससे आज शिमला शहर साफ. सुधरा व व्यवस्थित शहर नजर आता है।

पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में अनुराग ठाकुर ने कहा है कि पहले से चल रहे प्रोजैक्टों पर वाटर सैस लगाना समझौतों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आय के साधन बढ़ाने के लिए स्वतंत्र है , लेकिन इसके लिए पहले किए गए समझौतों का उल्लंघन नहीं किया जा सकता।



# अध्यापकों से गैर शैक्षणिक कार्य नहीं लेगी हरियाणा सरकार

## पीजीटी शिक्षकों को मिलेगा लेक्चरर का दर्जा, शिक्षा मंत्री ने अध्यापक संगठनों संग की मैराथन बैठक

**8 अध्यापकों संगठनों की मांग पर सरकार द्वारा तकनीकी विचार के बाद फैसला लिया जाएगा।**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने कहा है कि प्रदेश में पीजीटी शिक्षकों को अब लेक्चरर कहा जाएगा। अध्यापकों संगठनों की मांग पर सरकार द्वारा तकनीकी विचार के बाद फैसला लिया जाएगा। इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश जारी किए जा चुके हैं।
शिक्षा मंत्री गुरुवार को चंडीगढ़ में चार अध्यापक संगठनों के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। प्रदेश के अध्यापक संगठनों में इस बैठक को लेकर विवाद चल रहा था जिसके चलते आज शिक्षा मंत्री ने लंबित मांगों को लेकर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के साथ बैठक बुलाई। बैठक में अध्यापक संघ के प्रधान धर्मेंद्र ढांडा एवं अन्य प्रतिनिधि शामिल हुए जबकि शिक्षा मंत्री तथा शिक्षा विभाग के आला अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में अध्यापक संघ की तरफ से भिवानी बोर्ड को खत्म करने, गैस्ट टीचरों के तबादले, बर्खास्त पीटीआई की बहाली, रेशनेलाइजेशन एवं ट्रांसफर को अलग-अलग नहीं करने, सिटिजन चार्टर लागू नहीं करने, एचडीएफसी बैंक के अलावा राष्ट्रीय बैंकों में खाते नहीं खुलवाने, नए अपग्रेड स्कूलों में पहले की तरह न्यूनतम सात पद नहीं देने, सफाई कर्मी नहीं लगाने आदि जैसे फैसलों पर विचार किया गया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि विभाग स्कूल में सफाई के उद्देश्य से एचकेआरएन के माध्यम से चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को नियुक्त करने पर विचार कर रहा है। ऐसे कर्मचारियों की नियुक्ति 100 से अधिक विद्यार्थियों वाले विद्यालयों में ही की जायेगी। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आवश्यकता के अनुसार सरकारी स्कूलों में उप-प्रधानाचार्यों की नियुक्ति पर विचार कर रही है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को एलटीसी बजट, एसीपी मामलों और छात्रों को लाभ देने वाली छात्र कल्याण योजनाओं के लिए शीघ्र बजट जारी करने के निर्देश दिए। शिक्षा मंत्री ने बताया कि अध्यापक संगठन चाहते हैं कि स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर अध्यापकों के तबादले किए जाएं। सरकार इस दिशा में पहले ही काम शुरू कर चुकी हैं। कंवर पाल ने कहा कि आज की बैठक में कई तरह के सुझाव सामने आए हैं। जिन्हें लेकर अधिकारियों को एक रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद अध्यापक संगठनों के साथ दोबारा बैठक की जाएगी। शिक्षा मंत्री ने साफ किया कि प्रदेश सरकार ने अभी तक ओल्ड पेंशन योजना पर किसी तरह का फैसला नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जेबीटी अध्यापकों के तबादले रुके हुए हैं, इन्हें बहुत जल्द शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार ने प्रदेश में 286 पीएम श्री स्कूल खोलने का फैसला किया है। पहले चरण में 124 स्कूल खोले जाएंगे। शिक्षा मंत्री ने बताया कि आज की बैठक में यह तय किया गया है कि सरकार की तरफ से भविष्य में अध्यापकों के पास से किसी तरह के गैर शैक्षणिक कार्य नहीं लिए जाएंगे।

# पंचायती फंड में 16 लाख रुपये की हेराफेरी पर पूर्व सरपंच के खिलाफ मामला दर्ज

## लोकायुक्त को की गई शिकायत के बाद डीसी व एसडीएम द्वारा की गई जांच में आरोप सही पाए गए



**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
**ढांड पुलिस** ने पंचायती फंड में हेराफेरी कर सरकार को 16 लाख रुपए का नुकसान पहुंचाने पर पुलिस ने खेड़ी रायवाली के पूर्व सरपंच के खिलाफ धोखाधड़ी और फंड में हेराफेरी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। लोकायुक्त की गई शिकायत के बाद एसडीएम व अन्य अधिकारियों की जांच में आरोप सही पाए जाने पर बीडीपीओ ने पूर्व सरपंच के खिलाफ गुरुवार को मामला दर्ज करवाया है। सरपंच ने यह हेराफेरी अपने कार्य कार्यकाल वर्ष 2018 के दौरान की। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। ढांड के समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी महेंद्र पाल सिंह ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 2018 में खेड़ी राय वाली निवासी बचना राम की शिकायत पर जांच की गई है। गांव के पूर्व सरपंच जरनैल सिंह द्वारा गांव में बिछाई गई पाइप लाइन के रुपए 2 लाख 97 हजार 846 रुपए अधिक खर्च दिखाकर वित्तीय हानि पहुंचाई गई। इसके साथ ही गांव में बनाए वृद्ध आश्रम मे पेवर ब्लाक में भी 67 हजार 759 रुपए अधिक खर्च दिखाए हैं। नाजायज काबिज व्यक्तियों की गली बनाकर भूतपूर्व सरपंच ने 1 लाख 29 हजार 106 रुपए की हानि पहुंचाई गई। जांच रिपोर्ट अनुसार ग्राम पंचायत का तालाब मछली पालन के लिए न देकर ग्राम पंचायत को आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया है, जिसका आकलन करने के बाद 2 तालाब को पट्टे पर न देने बारे कुल 1 लाख 90 हजार रुपए प्रति वार्षिक ग्राम पंचायत को नुकसान हुआ है। इसका तीन वर्ष का कुल नुकसान 5 लाख 70 हजार रुपए बनता है। दुकानों को पट्टे पर न देकर 60 हजार 500 रुपए रुपए प्रति वार्षिक ग्राम पंचायत को नुकसान हुआ है। जिसका 3 वर्ष का कुल नुकसान एक लाख 81 हजार 500 रुपए बनता है। जरनैल सिंह के कार्यकाल मे मास सितंबर 2016 से नवंबर 2017 तक 4 लाख रुपए की अदायगी वकीलों की फीस व अन्य खर्चों के रूप में की है।

# नहर में मिला युवती का शव, हाथ पर लिखा आर व हार्ट बीट का टैटू



**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
जिले के टोहाना क्षेत्र में हिसार रोड से गुजरने वाली बड़ी नहर में गुरुवार को एक युवती का शव बरामद हुआ। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवती के शव को नहर से निकाला गया। युवती के हाथ पर आर लिखा हुआ है और साथ में हार्ट बीट का टैटू बना हुआ है। युवती की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे नागरिक अस्पताल में रखवाया गया है। जानकारी के अनुसार हिसार रोड से गुजर रही बड़ी नहर में गुरूवार दोपहर करीब 2 बजे कुछ लोगों ने एक युवती का शव देखा। इस पर लोगों ने इस बारे टोहाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गौरक्षक दल के नवजोत ढिल्लों की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने गौरक्षक दल के नवजोत ढिल्लों की टीम की मदद से शव को बाहर निकाला और आसपास के लोगों को पहचान के लिए बुलाया लेकिन युवती की शिनाख्त नहीं हो पाई। मृतका की आयु लगभग 25 वर्ष के आसपास है और उसने नीले रंग की जींस डाली हुई है। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में रखवाकर उसकी पहचान के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# खिलाड़ियों को ग्रुप सी की नौकरियों में मिलेगा तीन प्रतिशत आरक्षण

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राज्य के खिलाड़ियों को ग्रुप सी की नौकरियों में तीन अन्य विभागों में भी आरक्षण देने का निर्णय लिया है। इस संबंध में हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने गुरुवार को सर्कुलर जारी करते हुए बताया कि प्रदेश में उत्कृष्ट तथा योग्य खिलाड़ियों के लिए अब ग्रुप सी की नौकरियों में जेल विभाग, वन एवं वन्य जीव विभाग और ऊर्जा विभाग में भी आरक्षण मिलेगा। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा इससे पहले गृह विभाग, खेल एवं युवा मामले विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग और प्रारंभिक शिक्षा विभाग में उत्कृष्ट खेल व्यक्ति (ओएसपी) और पात्र खेल व्यक्ति (ईएसपी) की श्रेणी के तहत खिलाड़ियों को आरक्षण दिया जा रहा है।

# आप ने प्रदर्शन कर फूंका बृजभूषण शर का पुतला



**8 यदि जल्द ही सांसद बृजभूषण शरण के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो आप सड़क पर उतरने के लिये मजबूर होगी**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
आम आदमी पार्टी के पानीपत जिला के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार को शहर में जिला सचिवालय के सामने जीटी रोड ऐलिवेटिड पुल के नीचे भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष एवं सांसद बृजभूषण शरण के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। आप कार्यकर्ताओं ने सांसद बृजभूषण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके सरकार से तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है। वहीं प्रदर्शन के उपरांत आप कार्यकर्ताओं ने पुल के नीचे ही सांसद बृजभूषण शरण का पुतला फूंका। आप नेताओं ने केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही सांसद बृजभूषण शरण के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो आप सडक पर उतरने के लिये मजबूर होगी। इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुखबीर मलिक, पूर्व जिला संगठन मंत्री राकेश चुघ, वरिष्ठ नेता राकेश मुंजाल व जगदीप घनघस एडवोकेट आदि ने कहा कि भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष एवं सांसद बृजभूषण शरण के खिलाफ महिला पहलवानों द्वारा यौन शोषण के आरोप लगाये गये है और ऐसे में केंद्र सरकार द्वारा सांसद बृजभूषण शरण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके उनको गिरफ्तार करना चाहिये। भाजपा सरकार द्वारा बृजभूषण को कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद से भी तुरंत बर्खास्त करना चाहिये। इस अवसर पर दीपक बग्गा, प्रीतपाल खेड़ा, जोनी चावला टीम, अर्जुन सिंह, देवन सलूजा, मनमोहन सिंह, नीलम प्रणामी कुलदीप शर्मा, अनिल पांडे, अजय शर्मा, योगेश कौशिक, पवन कोहली, प्यारेलाल गुप्ता, भूपेंद्र जानी, विरेंद्र आर्य, डॉ सुरेंद्र सिंह, महेंद्र भालसी, राजकुमार, राजकुमार मुंडे, अशोक एडवोकेट व मुकेश शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पानीपत के एसडी पीजी कॉलेज के दो खिलाड़ियों ने ताइक्वांडो कप में जीते गोल्ड



**8 शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ सुशीला बेनीवाल, प्रो रजनी देवी, मनीष, ग्राउंड्समैन प्रताप व दीपक मितल सहित प्राध्यापकों ने स्वागत किया**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
एसडी पीजी कॉलेज पानीपत के दो खिलाड़ियों कृष और कैफ ने अंबाला में आयोजित हरियाणा ताइक्वांडो कप 2023 में गोल्ड मैडल जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। खिलाड़ी कृष ने 58 किलोग्राम भार वर्ग में और कैफ ने 45 किलो ग्राम भारवर्ग में विरोधी खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की। कृष और कैफ के शानदार खेल की बदौलत दोनों ही खिलाड़ियों का चयन नेशनल फेडरेशन कप के लिए हो गया है। वहीं बृहस्पतिवार को कॉलेज पहुंचने पर खिलाड़ी कृष और कैफ का एसडी कॉलेज के प्रधान पवन गोयल, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ सुशीला बेनीवाल, प्रो रजनी देवी, मनीष, ग्राउंड्समैन प्रताप व दीपक मितल सहित प्राध्यापकों ने स्वागत किया। बता दे कि कृष इससे पहले भी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय इंटर-कॉलेज प्रतियोगिता में रजत और जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण एवं रजत पदक हासिल कर चुका है, कृष का चयन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी के लिए भी हो चुका है। इसी प्रकार कैफ ने भी जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीते है और पानीपत जिला एसोसिएशन का प्रतिनिधित्व करते हुए कैफ ने ओवर

# मिड डे मील वर्कर्स की 28 की हड़ताल स्थगित, बकाया मानदेय हुआ जारी



**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
**बकाया** मानदेय जारी करने की मांग को लेकर मिड डे मील वर्कर्स यूनियन की 28 अप्रैल को होने वाली हड़ताल स्थगित कर दी गई है। सरकार द्वारा बकाया मानदेय जारी करने के बाद यूनियन द्वारा यह फैसला लिया गया है। अब 1 मई को मई दिवस पर जिले में मिड डे मील वर्कर्स द्वारा सभा की जाएगी, जिसमें बकाया मांगों को लेकर आगामी आंदोलन का निर्णय लिया जाएगा। यह जानकारी मिड डे मील वर्कर्स यूनियन की जिला प्रधान गगनदीप कौर, सचिव अनिता रानी जमालपुर व कैशियर सोनू धांगड़ ने दी। गौरतलब है कि मिड डे मील वर्कर्स को मानदेय मिले करीब 6 महीने हो चुके थे। इस बीच विभाग ने 1 महीने की सेलरी जारी की थी। मिड डे मील वर्कर्स द्वारा सरकार और विभाग को नोटिस दे रखा था कि यदि बकाया मानदेय नहीं आता है तो 28 अप्रैल को मिड डे मील वर्कर्स स्कूलों में काम बंद करके हड़ताल करेंगी। लागतार आंदोलन, अभियान तथा हड़ताल की तैयारियों का सरकार पर दबाव बना और 26 अप्रैल को शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने बयान जारी किया। सरकार ने कहा कि वर्कर्स को बकाया मानदेय जारी कर दिया है। यूनियन नेताओं ने कहा कि इसके बाद अब 28 अप्रैल की हड़ताल नहीं होगी, इसे स्थगित किया जा रहा है। सभी मिड डे मील वर्कर्स स्कूल में अन्य दिनों की भांति खाना बनाएंगे। 1 मई को मई दिवस पर दोपहर 12 से 1 बजे के बीच जिले की सभी मिड डे मील वर्कर्स खाना बनाकर एकत्रित होंगी और आगामी रणनीति बारे चर्चा करेंगी। राज्य कमेटी की बैठक करके आगामी आंदोलन बारे निर्णय लिया जाएगा, जिसमें 12 महीने मानदेय करने, न्यूनतम वेतन 26 हजार, 65 वर्ष की उम्र में रिटायरमेंट करने व 2 लाख लाभ देने, वर्दी भत्ता 2 हजार रुपये देने, हटाई गई वर्कर्स की बहाली आदि मामले पर आगामी आंदोलन होगा।

# गोहाना बार के अधिवक्ताओं ने किया पूर्व चेयरमैन का स्वागत

## संविधान में प्रदत्त नागरिकों के मूलाधिकारों के प्रवर्तन में न्यायालय की सहायता करनी होती है



**8 अधिवक्ताओं समाज का अग्रणी हिस्सा है, अधिवक्ता, जनहित में काम करे एक अधिवक्ता के समाज के प्रति क्या कर्तव्य है**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
पूर्व मंत्री एवं मार्किटिंग बोर्ड की पूर्व चेयरमैन कृष्णा गहलावत का गोहाना में एडवोकेट रजनीश मलिक के कार्यालय में अधिवक्ताओं ने स्वागत किया। पूर्व मंत्री गहलावत ने अधिवक्ताओं का हालचाल जाना। गहलावत ने कहा कि अधिवक्ताओं समाज का अग्रणी हिस्सा है, अधिवक्ता, जनहित में काम करे एक अधिवक्ता के समाज के प्रति क्या कर्तव्य है। गहलावत ने कहा कि अधिवक्ता का प्राथमिक कर्तव्य संविधान के अनुसार-विधि का शासन समाज में बनाए रखने में अपना योगदान प्रदान करना होता है। उसे न्याय के क्रमिक विकास को प्रोन्नत करना है और संविधान में प्रदत्त नागरिकों के मूलाधिकारों के प्रवर्तन में न्यायालय की सहायता करनी होती है। इस मौके पर बार एसोसिएशन गोहाना के प्रधान वीरेन्द्र सिंह, एडवोकेट नफे सिंह लटवाल, रजनीश मलिक एडवोकेट जिला अध्यक्ष अधिवक्ता परिषद, जय सिंह मलिक जिला पार्षद जोगेन्द्र मलिक, करतार सिंह मलिक पूर्व सरपंच बिधल, निपुण शेरावत, जितेश कपूर नगर परिषद पार्षद, रविंद्र शर्मा, अशोक पूनिया आदि मौजूद थे।

# पहलवानों के समर्थन में जन संगठनों ने किया विरोध प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
जंतर मंतर पर न्याय की मांग पर आंदोलन कर रहे पहलवानों के समर्थन में विभिन्न संगठनों ने गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के बाद अधिकारियों को ज्ञापन देकर कुश्ती संघ के अध्यक्ष एवं भाजपा सांसद ब्रजभूषण सिंह तथा हरियाणा के मंत्री संदीप सिंह पर कार्रवाई की मांग पर ज्ञापन दिया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता किसान सभा के जिला प्रधान शमशेर नंबरदार, सीटू जिला प्रधान कामरेड सुरेश कुमार व महिला समिति की जिला प्रधान शकुंतला जाखड़ ने संयुक्त रूप से की जबकि सीटू जिला सचिव मनोज सोनी ने संचालन किया। विरोध प्रदर्शन में सीटू, किसान सभा, रिटायर्ड कर्मचारी संघ, सर्व कर्मचारी संघ, डीवाईएफआई, एसएफआई, जनवादी महिला समिति सहित कई अन्य संगठन भी राष्ट्रीय आह्वान के चलते पहलवानों के समर्थन में एकत्रित हुए।
वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि जाने-माने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने तीन महीने पहले भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण के खिलाफ यौन शोषण और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए जंतर-मंतर पर कई दिन तक धरना दिया था।

# डीसी दहिया ने नगर निगम कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

## -डयूटी पर नहीं मिलने पर दो कर्मचारियों को किया सस्पेंड, एक को किया चार्जशीट

**8 जो व्यक्ति निगम में कार्य के लिए आते हैं, उन्हें बिजली व पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं मिलनी चाहिये**



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
उपायुक्त वीरेन्द्र दहिया बृहस्पतिवार को एक बार फिर एक्शन मोड में नजर आएं। उन्होंने नगर निगम कार्यालय में अचानक छापा मारा और ड्यूटी में कौताही बरतने वाले दो कर्मचारियों को सस्पेंड करने के निर्देश दिये व एक कर्मचारी को चार्ज शीट किया। जबकि एक महिला कर्मचारी (अस्थाई) को लापरवाही बरतने पर तत्काल नौकरी से हटाने के आदेश दिए। हालांकि उपायुक्त ने कार्यालय में देरी से पहुंचने वाले कर्मचारियों की एक दिन की सैलेरी काटने के भी निर्देश दिये है। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान हाजिरी रजिस्टर व मूवमेंट रजिस्टर की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त दहिया को तीन अधिकारी भी गैर हाजिर मिले। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि जो व्यक्ति निगम में कार्य के लिए आते हैं, उन्हें बिजली व पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं मिलनी चाहिये और उनके कार्य समय पर होने चाहिये। इसको लेकर वे किसी भी प्रकार की कौताही बर्दाश्त नहीं करेंगे। जो कर्मचारी कार्यालय में देरी से पहुंचते हैं, उन्हे किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा और उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी। वहीं उपायुक्त ने निगम कार्यालय में पहुंचकर मुख्य तौर पर लाईट, पानी, सफाई, सिटिंग बैंच के बारे में जानकारी ली। सफाई की दुर्दशा देखकर अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि एक सप्ताह में वे फिर से दौरा करेंगे। उपायुक्त ने कंडम सामान का ऑक्शन करने व नया सामान लेने के भी निर्देश दिये। उपायुक्त ने बताया कि निगम में कार्यरत 500 सफाई कर्मचारी शहर की सफाई करने में सक्षम हैं। उपायुक्त ने इस दौरान निगम में संचालित सीएससी सेंटर की गतिविधियों के बारे में भी जाना व लोगों से उनके कार्य के बारे में जानकारी भी ली। उपायुक्त ने निगम के डिप्टी आयुक्त विनोद मेहरा को शहर में घुम रहे बेसहारा पशुओं को गौ अभ्यारण में भेजने के भी निर्देश दिए।
उपायुक्त ने नगर निगम कार्यालय में स्थित पंजाब नेशनल बैंक का भी निरीक्षण किया व बैंक प्रबंधक से बैंक के बाहर एटीएम लगाने के भी निर्देश दिये। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम वीरेन्द्र ढुल, सीटीएम राजेश सोनी मुख्य रूप से साथ थे।

G20
उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उ.रे. मुरादाबाद, भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक व्यक्तियों से स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट हेतु आवेदन पत्र –

| क्रम संख्या | मुरादाबाद मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों के NSG-6, NSG-5 रेलवे स्टेशनों पर कम्प्यूटर द्वारा अनारक्षित टिकट जारी करने के लिए स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट का ठेका दिये जाने हेतु निविदा पत्र आमंत्रित किये जाते है। स्टेशनों के नाम इस प्रकार है। | कार्यकाल | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | स्थान का नाम व पता जहां से निविदा पत्र प्राप्त किये जायेंगे | निविदा पत्र जमा करने का समय एवं तिथि तथा निविदा खुलने की तिथि एवं समय | रेलवे की वेबसाइट का नाम जिसमें पूर्ण नियम व शर्तें तथा निविदा का प्रारूप पत्र पर देखा व डाउनलोड किया जा सके। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | NSG-6- हरथला, कठिलिया, टोडरपुर, बाबूगढ़, महरौली, कुचेसररोड, हाफिजपुर, काकूपुर, मडैयारा, मुरशदपुर, दलपतपुर, मुढ़ापाण्डे, कलक्टरबकगंज, बरेलीकैन्ट, रसूईया, टिसुआ, बखताली, बिलपुर, डासना, बहजोई, मुनि पराला, मीरानपुरकटरा, बिबाई, बधौली, करमा, मलीत, लंढौरा। | तीन वर्ष (03) | NSG-6- धरोहर राशि रू. Rs.2000/- NSG-5-5000/- | प्रत्येक स्टेशन के लिए निविदा पत्र का मूल्य रू.1180/- | वाणिज्य शाखा, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, उ.रे. मुरादाबाद से दिनांक 25.05.2023 को 17.00 बजे तक | निविदा फार्म को जमा करने की तिथि 26.05.2023 को 10.00 बजे से 14.00 बजे तक तथा खुलने की तिथि उसी दिन 15.00 बजे से | www.nr.indianrailways.gov.in वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक उ.रे. मुरादाबाद का कार्यालय का सूचना पट |

निविदा सूचना संख्या 1–एस.टी.बी.ए.–पोलिसी–2018 सी. दिनांक : 27.04.2023 1274/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# राज्यपाल ने 'चारधाम साथी' मोबाइल एप किया लांच

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने गुरुवार को राजभवन से स्वामी विवेकानंद हेल्थ मिशन सोसाइटी के चारधाम साथी मोबाइल एप्लीकेशन को लांच किया।
इस मोबाइल एप का उद्देश्य से चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों को स्वास्थ्य जरूरतों की जानकारी उपलब्ध कराना है। इस मोबाइल एप के जरिए यात्री नजदीकी विवेकानंद हेल्थ मिशन चिकित्सालय की जानकारी, वहां उपलब्ध सेवाएं, आपातकालीन नम्बर की जानकारी आदि प्राप्त कर सकेंगे। विवेकानंद हेल्थ मिशन चारधाम यात्रा स्थानों में ये सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराएगा। यह मोबाइल एप प्ले स्टोर पर उपलब्ध है।
राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद हेल्थ मिशन सोसाइटी की सेवा



और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनके किये जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि चारधाम में आने वाले यात्रियों की स्वास्थ्य सुविधा को यह मोबाइल एप बेहद उपयोगी साबित होगा। उन्होंने इस पहल की सराहना की और कहा कि सोसाइटी ने उत्तराखंड में 11 स्थानों पर अपने चिकित्सालय स्थापित किए हैं जो विवेकानंद हेल्थ मिशन के सेवाभाव को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी बद्रीनाथ स्थित चिकित्सालय में भ्रमण किया है। अभी तक हेल्थ मिशन सोसाइटी ने लाखों मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं दी हैं जो अपने प्रशंसनीय है।
इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद हेल्थ मिशन सोसाइटी के सचिव डॉ. अनुज सिंघल ने बताया कि चार धामों में तीर्थ यात्रियों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने के अपने संकल्प को पूर्ण करते हुए बद्रीनाथ धाम, केदारनाथ धाम और गंगोत्री धाम में आई.सी.यू युक्त चिकित्सालय का संचालन कर रहे हैं।
इनमें लैब की सुविधा, डिजिटल एक्स-रे सुविधाएं एवं फामेर्सी इत्यादि की सुविधाएं पूर्णतः निःशुल्क प्रदान कर रही हैं।
उन्होंने बताया कि देशभर से 60 से अधिक हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर चारधाम यात्रा चिकित्सालयों में स्वैच्छिक रूप से अपनी सेवाएं देने की सहमति दी है। उन्होंने बताया कि केदारनाथ धाम में 50 बेड के अस्पताल की कार्रवाई गतिमान है।
इस अवसर पर हेल्थ मिशन सोसाइटी के निदेशक ले.कर्नल.डॉ. प्रवीन कुमार रेड्डी, डॉ. तारा सिंघल, डॉ.संजय शाह उपस्थित थे।

## राज्यपाल 28 को पहुंचेंगे भगवान बदरीनाथ के दर्शन को

**गोपेश्वर**
उत्तराखंड के राज्यपाल ले.जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) का जनपद भ्रमण कार्यक्रम मिला है। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल 28 अप्रैल को प्रातः 8:45 बजे बदरीनाथ हेलीपैड पहुंचेंगे। 8:55 पर बदरीनाथ धाम के दर्शन करने के पश्चात 10 बजे देहरादून के लिए प्रस्थान करेंगे।

# 'पर्वतीय क्षेत्रों में हिमस्खलन की संभावना'

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राजधानी देहरादून में मौसम का मिजाज बदल गया है। गुरुवार को एक बजे यहां बादलों का आना शुरू हुआ और पौने दो बजे के आसपास बारिश होने लगी। इसी तरह प्रदेश के अन्य जिलों में भी मौसम खराब रहने की संभावना है। राज्य सरकार ने पहले ही चारधाम आने वाले यात्रियों को मौसम को लेकर चेतावनी दे रखी है।
उत्तराखंड मौसम विभाग ने प्रदेश में आने वाले चार दिन तक जहां मौसम खराब रहने का अनुमान जताया है वहीं पर्वतीय क्षेत्रों में हिमस्खलन होने के आसार हैं। मौसम विभाग के वैज्ञानिक रोहित थपलियाल का कहना है कि उत्तराखंड में अगले दो से चार दिनों तक मौसम खराब रहने



**8 राज्य सरकार ने पहले ही चारधाम आने वाले यात्रियों को मौसम को लेकर चेतावनी दे रखी है**

की संभावना हैं। केदारनाथ धाम में भी अगले कुछ दिनों में बर्फबारी के अलर्ट के मद्देनजर जिलों को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।
प्रदेश में आने वाले चार दिन मौसम खराब रहने के साथ ही डीजीआरई चंडीगढ़ की ओर तीन जिलों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। डीजीआरई चंडीगढ़ के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली और रुद्रप्रयाग जिलों को अलर्ट पर रहने के निर्देश जारी किए गए हैं।
मौसम वैज्ञानिक रोहित थपलियाल ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों के कुछ जिलों में बर्फबारी के चलते हो सके एवलांच की स्थिति बन सकती है। ऐसे में यात्रियों और ट्रैक माउंटेनियर को खास हिदायत बरतने की आवश्यकता है, ध्यान रहे की ऐसे क्षेत्रों में फिलहाल ना जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### नाबालिग से अश्लील हरकत कर रहे युवक को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
नाबालिग को बहला फुसलाकर कर उसके साथ अश्लील हरकत कर रहे एक युवक को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। आरोपित दूसरे धर्म से ताल्लुक रखता है।
मिली जानकारी के मुताबिक ज्वालापुर के पांडेवाला क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति की 12 वर्षीय बच्ची को समीर नामक युवक बहला-फुसलाकर ले गया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करते हुए बच्ची जोर से चिल्लाने लगी। तभी बच्ची का शोर सुनकर आसपास के लोगों ने बच्ची को युवक के चुंगल से छुड़ाया और आरोपित युवक को थाने ले आए।
ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आरके सकलानी ने बताया कि बच्ची के पिता व कुछ अन्य लोग आरोपित को लेकर थाने आए। पीड़ित के पिता की ओर से तहरीर दी गई। इस पर आरोपित समीर निवासी पांवधोई ज्वालापुर के खिलाफ पोक्सो एक्ट और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है।

### सारथी फाउंडेशन ने गरीब बच्चों को स्टेशनरी, कॉपी और लाइब्रेरी के लिए दीं किताबें

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
सारथी फाउंडेशन समिति ने इस वर्ष भी उदयीमान गरीब बच्चों को कॉपी और किताबों के वितरण अभियान शुरू किया है।
गुरुवार को संस्था के सदस्यों ने एच.एन. इंटर कॉलेज नियर राजकीय मेडिकल कॉलेज रामपुर रोड हल्द्वानी के प्रधानाचार्य भगवान सिंह सामंत और पीयूष पांडे से संपर्क कर आग्रह किया कि संस्था आपके विद्यालय के गरीब उदयीमान बच्चों को संस्था कुछ स्टेशनरी, कॉपी और किताबों का वितरण करना चाह रही है। इस पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सारथी फाउंडेशन समिति को अनुमति प्रदान की और संस्था उदयीमान गरीब बच्चों को स्टेशनरी, कॉपी और लाइब्रेरी के लिए किताबें दीं।
इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य जी ने कहा कि सारथी फाउंडेशन समिति का यह शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही सराहनीय प्रयास है। इससे और बच्चों में भी पढ़ाई के प्रति और रुचि बढ़ेगी। इस अवसर पर सारथी के संस्थापक संयोजक नवीन पंत ने समस्त विद्यालय परिवार और प्रधानाचार्य को धन्यवाद दिया।

### टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स सम्पूर्ण रक्षा सुप्रीम अब है और भी शक्तिशाली क्योंकि इसमें मिल रहे हैं टाटा एआईए वाइटैलिटी राइडर्स के लाभ

**देहरादून।** जीवन बीमा सुरक्षा के उपलब्ध प्रकारों में से सबसे शुद्ध और सबसे प्रभावी टर्म इन्शुरन्स प्लान्स पॉलिसीधारकों और उनके परिवारों को जीवन की अनिश्चितताओं से बचाते हैं। आज के समय में हम सब जिस तरह से काम करते हैं उसने हमारे जीवन को काफी ज्यादा व्यस्त बना दिया है और हमारे जीने के तरीके को बदल दिया है, जो हमारे शरीर को प्रभावित कर रहा है। अपने परिवार के भविष्य के सुरक्षा की इच्छा रखने वालों को टाटा एआईए लाइफ सम्पूर्ण रक्षा सुप्रीम और वाइटैलिटी प्रोटेक्ट राइडर में व्यापक सुरक्षा और वेलनेस लाभ भी मिलते हैं। टाटा एआईए वाइटैलिटी एक विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त, विज्ञान आधारित वेलनेस प्रोग्राम है, जो उपभोक्ताओं को उनके स्वास्थ्य को समझने और सुधारने में मदद करता है, साथ ही उन्हें पुरस्कृत भी करता है। वेलनेस प्रोग्राम में नामांकन करने पर, उपभोक्ताओं को आपके प्रीमियम पर 5 प्रतिशत तक की अग्रिम छूट मिलती है। बाद के वर्षों में प्रीमियम छूट उनकी स्वास्थ्य स्थिति के आधार पर बढ़ या घट सकती है (उनकी व्यस्तता के स्तर, स्वास्थ्य आकलन पूरा करने, फिटनेस लक्ष्यों की उपलब्धि आदि के आधार पर तय किया जाता है)। सम्पूर्ण रक्षा सुप्रीम में उपभोक्ता टाटा एआईए वाइटैलिटी प्रोटेक्ट राइडर और टाटा एआईए वाइटैलिटी हेल्थ राइडर के साथ अधिक उन्नत सुरक्षा कवर का विकल्प चुन सकते हैं। ये नॉन-लिंक्ड राइडर्स हैं, जिसमें उपभोक्ता कई अलग-अलग स्वास्थ्य स्थितियों के खिलाफ सुरक्षा अपनी पसंद के अनुसार चुन सकते हैं, मृत्यु, दुर्घटना मृत्यु और विकलांगता, गंभीर बीमारी आदि जैसी अनिश्चितताओं से सुरक्षित रहते हैं और इससे उन्हें स्वास्थ्य और जीवन शैली में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अपने फिटनेस लक्ष्यों को ट्रैक पर लाने में भी मदद मिलती है।

## वाहन दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के नंदानगर ब्लॉक के घाट-लांखी सड़क पर लांखी गांव के समीप गुरुवार को एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। दुर्घटना में वाहन में सवार एक महिला की मौत हो गई है जबकि छह लोग घायल हो गये हैं।
पुलिस ने घटना स्थल पर स्थानीय लोगों के साथ रेस्क्यू अभियान चला कर घायलों को सीएचसी नंदानगर में भर्ती कराया।
जहां से उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।
पुलिस के अनुसार लांखी गांव के समीप वाहन अनियंत्रित होकर 50 मीटर गहरी खाई में जा गिरी।

# बाबा बदरीनाथ धाम के कपाट खुलते ही बढ़ने लगी श्रद्धालुओं की भीड़

**8 पहले दिन ही दस हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बदरीनाथ धाम पहुंचकर अखंड ज्योति के दर्शन किये**

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
बाबा बदरीनाथ धाम मंदिर के कपाट गुरुवार को खुलने के साथ ही धाम के अलावा अन्या तीर्थों और पर्यटक स्थलों पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ पहुंचने लगी है।
भू-बैकुण्ठ धाम के आसपास तप्तकुण्ड, नारद कुण्ड, शेष नेत्र झील, नीलकण्ठ शिखर, उर्वशी मन्दिर, ब्रह्म कपाल, माता मूर्ति मन्दिर और देश के प्रथम गांव माणा, भीमपुल, वसुधारा जल



प्रपात और अन्य ऐतिहासिक, दार्शनिक स्थलों पर भी श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ पहुंचने लगी है।

**कब कितने यात्री पहुंचे बद्रीनाथ-**

विगत वर्षों में लाखों श्रद्धालु बदरीनाथ की यात्रा कर चुके हैं। पिछले आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2016 में 6,54355, वर्ष 2017 में 9,20466, वर्ष 2018 में 10,48051, वर्ष 2019 में 12,44993 और वर्ष 2020 में 155055 श्रद्धालु बदरीनाथ पहुंचे।
वर्ष 2021 में कोरोना संकट के कारण 1,97997 श्रद्धालु ही बदरीनाथ धाम पहुंचे। जबकि कोरोना महामारी पर नियंत्रण के बाद विगत वर्ष 2022 में 17,63549 श्रद्धालु बदरीनाथ धाम पहुंचे। इस बार पहले दिन ही दस हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बदरीनाथ धाम पहुंचकर अखंड ज्योति के दर्शन किये।

# अज्ञात युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश के चार धाम यात्रा बस अड्डे के निकट ढाल वाला क्षेत्र में पानी की टंकी के पास अज्ञात युवक के संदिग्ध परिस्थितियों में मिले शव के बाद सनसनी फैल गई है। गुरुवार की सुबह उक्त घटना की सूचना राहगीर ने पुलिस को दी जिसकी सूचना पर पहुंची, पुलिस ने अज्ञात युवक के शव को अपने कब्जे में ले लिया है, जिसकी उम्र लगभग 24 साल बताई गई है। ऋषिकेश कोतवाली प्रभारी निरीक्षक केआर पांडे का कहना था कि युवक की मौत किसी वाहन की चपेट में आने के कारण प्रतीत हो रही है। क्योंकि जिस स्थान पर युवक का शव बरामद हुआ है, उससे लगभग 10



मीटर पर खून के निशान भी मिले हैं। जिससे प्रतीत हो रहा है कि किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने के बाद युवक को उक्त स्थान पर घसीट कर डाला गया है।
उसके शरीर पर काफी निशान भी है। युवक को देखने से लगता है कि वह फक्कड़ टाइप का है। जो कि कई दिनों से नहाया भी नहीं है। उसके कपड़े भी मैले कुचले होने के साथ उसके शरीर और नाखूनों में भी काफी मैल जमा है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

## मन्दिर में चोरी करते चोर को पुलिस ने धर दबोचा

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
मंदिर में चोरी करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी का सामान भी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।कोतवाली रानीपुर में पंडित मंत्री प्रसाद सेमवाल पुत्र गुना प्रसाद निवासी कृपाल आश्रम रावली महदूद सिडकुल ने गुरुवार को सेक्टर- 4 स्थित शिव मन्दिर का ताला तोड़कर घण्टा व लोटा चोरी कर लेने के संबंध में सूचना दी। पुलिस मौके तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके से आरोपित विपिन कुमार निवासी 88 विष्णुलोक कालोनी रानीपुर हरिद्वार को गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिस ने तलाशी अभियान के साथ की पूछताछ तो आरोपित ने खोल दिया मौत का राज

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
थाना श्यामपुर पुलिस ने महिला की मौत के मामले से पर्दा उठाते हुए महिला को मौत के लिए उकसाने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने महिला का शव भी सड़ी-गली हालत में बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।
जानकारी के मुताबिक पुलिस को फोन पर श्यामपुर कांगड़ी स्थित ढ़ाबे के संचालक केदार सिंह द्वारा एक महिला की हत्या कर शव को कांगड़ी के जंगल में छिपा देने की सूचना मिली। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सत्यता का पता लगाने के लिए आरोपित ढाबा संचालक से पूछताछ की।
पूछताछ में आरोपित ने बताया कि करीब 08 महीने पहले उसकी एक खानाबदोश महिला उम्र 45 वर्ष से ढाबे पर मुलाकात हुई थी। महिला का कोई परिजन न होने के चलते महिला ढाबा संचालक के साथ लिव-इन रिलेशन में रहकर बर्तन आदि धोने का काम कर रही थी। 23 अप्रैल की सुबह नाश्ते को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया, जिससे महिला ने नाराज होकर कांगड़ी के जंगल में सुसाइड कर लिया। सुसाइड की जानकारी मिलने पर

**8 पुलिस ने महिला को मौत के लिए उकसाने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है**

ढाबा संचालक ने महिला के लावारिश होने के चलते शव को पेड़ से उतारकर नहर में फेंक दिया।
इसके बाद पुलिस आरोपित को साथ में ले जाकर जंगल में पहुंची तो एक पेड़ में महिला के बाल फंसे हुए मिले। आसपास खोज की तो महिला का शव नहीं मिला। पुलिस ने नहर में सर्च ऑपरेशन चलाया तो महिला का शव सड़ी गली अवस्था में गुज्जर बस्ती गैंडीखता में नहर में मिला। पुलिस ने शव को नहर से निकालकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम में महिला की मौत का कारण फांसी होना पाया गया।
पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपित केदार सिंह रावतपुर निवासी ग्राम रिया रुइया थाना व जिला चंपावत हाल निवासी ग्रीन पंजाबी ढाबा कांगड़ी थाना श्यामपुर हरिद्वार पर आत्महत्या के लिए उकसाना तथा साक्ष्य मिटाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया।

# चंदन दास राम पंचतत्व में विलीन,मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों ने दी श्रद्धांजलि

**देहरादून/बागेश्वर /टीम एक्शन इंडिया**
समाज कल्याण और परिवहन मंत्री चंदन राम दास का गुरुवार को सरयू-गोमती और विलुप्त सरस्वती नदी के संगम के तट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। चिता को मुखाग्नि उनके बेटे गौरव दास और भाष्कर दास ने दी।मुख्यमंत्री, पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट सहित अन्य लोगों ने मंत्री चंदन राम दास के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र चढ़ाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। चंदन राम दास के निधन पर प्रदेश में तीन दिवसीय राजकीय शोक घोषित किया गया है।
गुरुवार को मंत्री चंदन राम दास की अंतिम विदाई में जन सैलाब



उमड़ पड़ा। उनके शव को दर्शन के लिए भाजपा कार्यालय मंडलसेरा परिसर में रखा गया। वहां पर हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकताओं, विभिन्न संगठनों, व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने मंत्री चंदन राम दास के अंतिम दर्शन किए। करीब दस बजे उनकी शव यात्रा निकली, जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी शामिल हुए। मंत्री चंदन राम दास की चिता को मुखाग्नि उनके बेटे गौरव दास और भाष्कर दास ने दी। इसके बाद पुलिस की टुकड़ी ने उन्हें अंतिम सलामी दी।
मंत्री चंदन रामदास के अंतिम विदाई देने के लिए बागेश्वर में भी लोगों की भीड़ उमड़ी। मुख्यमंत्री ,पूर्व राज्यपाल भगत सिंह और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के अलावा मंत्री सुबोध उनियाल, प्रेम चंद्र अग्रवाल, सौरभ बहुगुणा, रेखा आर्या, जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण समेत कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया, जिलाधिकारी अनुराधा पाल और एसपी हिमांशु कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में नेताओं ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र चढ़ाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।
काबीना मंत्री चंदन राम दास (65) का बुधवार दोपहर एक बजे कार्डियक अरेस्ट के कारण निधन हो गया था। चंदन राम दास मंगलवार को देर सायं अपने गृह जनपद पहुंचे थे।

# मंत्रोच्चार और आर्मी बैंड की मधुर धुनों के बीच खुले भगवान बदरी विशाल के कपाट

**गोपेश्वर/ देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
बदरीनाथ धाम के कपाट गुरुवार सुबह सात बजकर 10 मिनट पर आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इस विशेष अवसर पर करीब 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान बद्री विशाल और अखंड ज्योति के दर्शन कर घृत कंबल का प्रसाद ग्रहण किया। बदरीनाथ के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा विधिवत शुरू हो गई है।
बदरीनाथ धाम में दर्शन के लिए रात से ही श्रद्धालु कतारों में खड़े होने शुरू हो गए थे। तड़के ही कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। पहले दक्षिण द्वार से भगवान कुबेर ने बदरीनाथ मंदिर



में प्रवेश किया। उसके बाद वीआईपी गेट से बदरीनाथ के मुख्य पुजारी रावल ईश्वरी प्रसाद नंबूदरी, धर्माधिकारी राधा बल्लभ थपलियाल और वेदपाठियों ने उद्धव जी की उत्सव मूर्ति के साथ मंदिर के अंदर प्रवेश किया।

**परंपरागत पूजा-अर्चना के बाद खुले कपाट**

उद्धव और कुबेर की मूर्ति को गर्भगृह में स्थापित करने से पहले रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने स्त्री वेश धारण कर मां लक्ष्मी को गर्भगृह से बाहर लाकर लक्ष्मी मंदिर में विराजित किया गया। मुख्य पुजारी रावल ईश्वरी प्रसाद नंबूदरी के निर्देशन में द्वार पूजन हुआ। पूजा-अर्चना के बाद गाडू घड़े को मंदिर के अंदर ले जाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से हुई पहली पूजा। ठीक सुबह सात बजकर 10 मिनट पर जयकारों के बीच बद्री विशाल के कपाट खोले गए।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कपाट खुलने के शुभ अवसर पर समस्त श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चारधाम यात्रा के सकुशल संचालन हेतु राज्य सरकार ने तमाम व्यवस्थाएं की हैं। कपाटोद्घाटन में ज्योतिषपीठ के संत स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल करण सिंह, जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, एसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल, मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेद्र अजय, उपाध्यक्ष किशोर पंवार, समिति के सदस्य वीरेंद्र असवाल, आशुतोष डिमरी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

**सेना के बैंड से निकला संगीत, हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा**

हल्की बर्फबारी व बारिश के बीच सेना की टुकडी के बैण्ड की मधुर धुन तथा स्थानीय महिलाओं के पारम्परिक संगीत व नृत्य के साथ भगवान बद्रीनाथ की स्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बद्रीनाथ मंदिर के कपाट खुलने के अवसर पर तीर्थयात्रियों के स्वागत में हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। कपाटोद्घाटन के अवसर पर बदरीनाथ मंदिर को 15 कुंतल फूलों से सजाया गया। सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों एवं जय बद्रीविशाल के जयकारों के साथ देश-विदेश से आये हजारों श्रद्धालु कपाट खुलने के साक्षी बने।

# दो मोबाइल चोर गिरफ्तार, तीन फोन बरामद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सिडकुल थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से लोगों के महंगे स्मार्ट फोन चोरी के 2 आरोपित युवकों को पुलिस ने आईएमसी चौक सिडकुल से धर दबोचा। दोनों के पास से 3 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपितों का चालान कर दिया है।
विगत दिनों सिडकुल क्षेत्र से चोरी हुए मोबाइल फोन की पुलिस तलाश में थी। गुरुवार को पुलिस चेकिंग अभियान पर थी। इसी दौरान आईएमसी चौक सिडकुल पर दो युवक आते दिखे। शक के आधार पर पुलिस ने दोनों को रोककर पूछताछ की।



तलाशी लेने पर दोनों के पाा से कीमती मोबाइल बरामद हुए। सख्ती से पूछताछ में दोनों ने मोबाइल चोरी के होना कबूला। पुलिस पूछताछ में दोनों ने अपने नाम रहीम और इकराम निवासीगण रोशनाबाद सिडकुल, हरिद्वार बताए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

## न्यूज फ्लैश

### पूनावाला फिनकॉर्प ने पिछले साल की तुलना में शुद्ध लाभ दोगुना किया

**नई दिल्ली।** पूनावाला फिनकॉर्प, एक स्व-वित्तपोषित गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी है जो मध्यम और छोटे उद्यमों और सामान्य उपभोक्ताओं को वित्त प्रदान करती है, ने आज पिछले वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही के लेखापरीक्षित परिणामों की घोषणा की।कंपनी के इतिहास में एक तिमाही में सबसे अधिक संवितरण था। वित्तीय वर्ष 22-23 की चौथी तिमाही में, कंपनी का ऋण वितरण पिछले वर्ष की समान तिमाही की तुलना में 151 प्रतिशत और वित्तवर्ष 2023 की तुलना में 89 फीसदी और कुल 6 हजार 371 रुपये की वृद्धि हुई है। उक्त ऋण वितरण को लेकर कंपनी के नियंत्रणाधीन कुल संपत्ति 16 हजार 143 करोड़ रुपए दर्ज की गई है। इसलिए, कुल संपत्ति में साल-दर-साल 37 फीसदी और तिमाही-दर-तिमाही 16 फीसदी की वृद्धि हुई है। प्रत्यक्ष डिजिटल कार्यक्रम के तहत संवितरण में 81 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह वृद्धि पिछली तिमाही में 66फीसदी और पिछले वर्ष 24 फीसदी थी।एक तिमाही में अब तक का सर्वाधिक 181 करोड़ का शुद्ध लाभ। पिछले वर्ष की तुलना में पिछली तिमाही में निवेश आरओए पर रिटर्न भी 1.78 प्रतिशत बढ़कर 5 प्रतिशत हो गया, जबकि तिमाही-दर-तिमाही वृद्धि 0.73 प्रतिशत दर्ज की गई। पिछली तिमाही के लिए शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 11.3 प्रतिशत दर्ज किया गया था। पिछले वर्ष की तुलना में, यह राशि पिछली तिमाही की तुलना में 0.87% और 0.56% बढ़ी है। यह आंकड़ा 10.7 प्रतिशत दर्ज किया गया, वित्तीय वर्ष के लिए कुल एनआईएम में 0.89 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पूनावाला फिनकॉर्प के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, प्रबंध निदेशक अभय भुतडा ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023 व्यवसाय वृद्धि, ऋण गुणवत्ता और लाभप्रदता के मामले में बहुत अच्छा रहा है। "

### आईसीआईसीआई बैंक ने उपलब्ध कराया रुपी वोस्ट्रो खातों का मजबूत नेटवर्क

**नोएडा।** आईसीआईसीआई बैंक ने आज घोषणा की कि उसने भारतीय निर्यातकों और आयातकों को भारतीय रुपए (आईएनआर) में निर्यात-आयात लेनदेन का भुगतान करने और निपटाने में सक्षम बनाने के लिए रुपी वोस्ट्रो खाते की सुविधा उपलब्ध कराई है। यह खाता भारतीय निर्यातकों और आयातकों के लिए विदेशी मुद्रा जोखिम को कम करता है, क्योंकि वे अपने लेनदेन के चालान, भुगतान और निपटान के लिए भारतीय रुपए का उपयोग कर सकते हैं। बैंक की इस पहल के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए श्री सुमित संघई, हैड-लार्ज क्लाइंट्स ग्रुप, आईसीआईसीआई बैंक ने कहा, ह्यह्यरुपए में विदेशी व्यापार को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के कदम के अनुरूप, आईसीआईसीआई बैंक भारतीय निर्यातकों और आयातकों को भारतीय रुपये में अपने अंतरराष्ट्रीय व्यापार लेनदेन को निपटाने के लिए रूपी वोस्ट्रो खाते की पेशकश कर रहा है। आईसीआईसीआई बैंक के पास यूएसए, कनाडा, यूएई, सऊदी अरब, यूके, जर्मनी और मलेशिया सहित 29 देशों में प्रतिनिधि बैंकों के 100 से अधिक रूपी वोस्ट्रो खाते हैं और इस तरह बैंक की मजबूत मौजूदगी है।

### स्पाइनल मस्कुलरएट्रोफी टाइप-1 नामक दुर्लभ बीमारी से जूझ रही सात महीने की बच्ची मिशिका सक्सेना, है मदद की दरकार



**नई दिल्ली।** स्पाइनल मस्कुलरएट्रोफी टाइप-1 नामक यह एक दुर्लभ आनुवंशिक विकार है। नोएडा के रहने वाले नेहा सक्सेना और मुदिथ मोहन के घर जन्म लेने वाली सात महीने की बच्ची मिशिका सक्सेना का इलाज दिल्ली के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। यह बीमारी चुलबुली मिशिका को पंगु बना रही है और उसे अपनी मांसपेशियों को नियंत्रित करने में कठिनाई हो रही है। यदि तत्काल इलाज नहीं किया गया, तो बीमारी उसे गंभीर रूप से कमजोर कर देगी । उसके उपचार के लिए जोलगेन्स्मा नामक दवा की जरूरत होती है। जो स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी के लिए एकमात्र स्वीकृत जीन थेरेपी है। दवा और संबंधित उपचार पर परिवार को 17.42 करोड़ रुपए का बहुत बड़ा खर्च करना होगा, जो हमारे देश में अधिकांश परिवारों द्वारा अकेले इकट्ठा करना असंभव है। बच्ची के परिजन ने परिवार और सभी दोस्तों से संपर्क किया है। क्योंकि छोटे-से-छोटा दान भी उसके जीवन के लिए बहुत जरूरी होगा। मिलाप डॉट ओआरजी पर राशि जुटाने का अभियान भी चल रहा है, जो भारत का सबसे बड़ा क्राउडफंडिंग प्लेटफॉर्म है। यहां दानदाताओं ने 30 लाख रुपये से अधिक का योगदान दिया है। बच्ची के परिजनों ने भी सरकार से मदद के लिए संपर्क किया है और उनके सहयोग से प्रगति की उम्मीद कर रहे हैं।

# ब्रज में द्वापर युग का सपना साकार होगाः योगी

## मुख्यमंत्री बोले भाजपा शासन में किसी के साथ भेदभाव नहीं हुआ



**टीम एक्शन इंडिया/ लोकेश चौधरी/मथुरा।**
**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने गुरुवार को मथुरा में कहा भाजपा शासन में किसी के साथ भेदभाव नहीं हुआ है। किसी का शोषण नहीं किया गया। आज हमारे पास विकास के लिए कार्य योजना हैं। मुख्यमंत्री निकाय चुनाव प्रचार के दौरान सेठ बीएन पोद्दार इंटर कॉलेज के मैदान पर आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री की सभा को लेकर यातायात व्यवस्था को परिवर्तित किया गया था। सभा स्थल को जाने वाले मार्गों पर वाहनों का आवागमन बैरियर लगा कर बंद कर दिया गया था। सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मथुरा में भाजपा के के प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 84 कोस की परिक्रमा अयोध्या में ही नहीं ब्रज में भी होगी। ब्रज क्षेत्र के विकास में 32 हजार करोड़ की परियोजना चल रही हैं। जिस दिन यह परियोजना पूरी होंगी उस दिन द्वापर युग का सपना साकार होगा। 2017 में मथुरा वृंदावन को नगर निगम बनाया। ब्रज तीर्थ विकास परिषद बनाया। काशी, अयोध्या, केदारनाथ और महाकाल में निर्माण कार्य चल रहा है। काशी में काशी विश्वनाथ धाम बना। अगर सब लोग सहमत हों तो बांके बिहारी का धाम भी काशी विश्वनाथ धाम की तर्ज पर बने। टूरिज्म बढ़ रहा है, फायदा लोगों को ही हो रहा है। अराजकता किसी के साथ नहीं। 2017 से पहले पार्टी विशेष के लोग तमंचा लेकर घूमते थे। वहीं इस दौरान सभा में योगी आदित्यनाथ ने अपने छह साल के कार्यों को भी गिनाया और कहा कि जिस यूपी में 2017 से पहले गुंडों का राज था आज वहां सब सुरक्षित हैं और व्यापारी बड़े शान से अपना व्यापार करता है। जबकि आज प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश में यूपी लगातार आगे बड़ रहा है और दुनिया के भारत का झंडा ऊंचा किया जा रहा है। भारत अब किसी के सामने हाथ नही फैलता बल्कि अब भारत लोगों की मदद करने में आगे बढ़ता है ऐसा है भारत का नाम। वहीं हमने यहां पर दूध की नगरी को देखते हुए धर्म नगरी घोषित की ओर फिर शराब और मांस को बैन करके कहा कि ये दूध की नगरी है और यहां पर ये सब नहीं चलेगा। पहले मथुरा वृंदावन में क्या होता था, लोग परेशान रहते थे। मुख्यमंत्री की मौजूदगी में मंच पर योगेश द्विवेदी, बसपा नेता एसके शर्मा और सपा नेता जगदीश नौहवार भाजपा में शामिल हुए।

## आप ने फूंका बृजभूषण शरण का पुतला



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**आम आदमी** पार्टी के पानीपत जिला के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार को शहर में जिला सचिवालय के सामने जीटी रोड ऐलिवेटिड पुल के नीचे भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष एवं सांसद बृजभूषण शरण के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। आप कार्यकर्ताओं ने सांसद बृजभूषण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके सरकार से तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है। वहीं प्रदर्शन के उपरांत आप कार्यकताओं ने पुल के नीचे ही सांसद बृजभूषण शरण का पुतला फूंका। आप नेताओं ने केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही सांसद बृजभूषण शरण के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो आप सडक पर उतरने के लिये मजबूर होगी। इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुखबीर मलिक, पूर्व जिला संगठन मंत्री राकेश चुघ, वरिष्ठ नेता राकेश मुंजाल व जगदीप घनघस एडवोकेट आदि ने कहा कि भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष एवं सांसद बृजभूषण शरण के खिलाफ महिला पहलवानों द्वारा यौन शोषण के आरोप लगाये गये है।

## हर परिस्थिति का डटकर सामना करेः ब्रह्माकुमारी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला(मनीष कुमार) अंबाला के गवर्नमेंट** आईटीआई कॉलेज में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, #16 कंच घर द्वारा 20 का प्रोग्राम किया गया। इस प्रोग्राम में डिस्टिक यूथ ऑफिसर अर्शदीप मुख्य अतिथि के रूप में आए। ब्रह्माकुमारी एकता बहन ने संस्था का परिचय दिया और बताया यह एक ऐसी मात्र संस्था है जो विश्व के 137 देशों में अपनी ब्रांचेस खोल चुकी है और बहुत ही सहजता से जीवन को सुखमय बनाने के लिए मेडिटेशन कोर्स सिखा रही है। अर्शदीप ने सरकार द्वारा जारी किये गए वाई 20 के अंतर्गत 20 के प्रोजेक्ट के बारे में संक्षिप्त रूप से बताया और कहा कि युवाओं को इस प्रोजेक्ट के माध्यम से बहुत सी सुविधाएं प्राप्त हुई है वह अपनी समस्याओं को सरकार के सामने रख सकते हैं तो क्यों ना इस प्रोजेक्ट का पूर्ण रुप से लाभ लेना चाहिए और अपने जीवन में जो लक्ष्य रखा है उसे पूर्ण करना चाहिए। ब्रह्मा कुमार अरुण भाई ने सभी बच्चों को अपनी विल पावर को जागृत करने के लिए प्रेरित किया और कहा युवा वह है जिसमें 9 के समान शक्ति है तो आज का युवा क्या कुछ नहीं कर सकता और यह भी बताया हर एक युवा में बहुत से गुण है और भगवान ने भी किसी एक व्यक्ति को एक समान नहीं बनाया सबके चेहरे अलग-अलग है हमें किसी से भी स्वयं को कंपेयर नहीं करना चाहिए जो हम कर सकते हैं वह कोई दूसरा इंसान नहीं कर सकता। खुद को बहुत ही भाग्यशाली समझना चाहिए और हर परिस्थिति का डटकर सामना करना चाहिए। बच्चों के साथ अंत में पैनल भी किया गया जिसमें डॉक्टर और स्पोर्ट्स पर्सन ने बच्चों द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों का बहुत ही अच्छे से स्पष्टीकरण करके उत्तर दिया। मधु थप्पा सीनियर वेटलिफ्टिंग कोच जी ने बच्चों को बताया कि हमें अपनी बॉडी को फिट रखना चाहिए और अपने खाने-पीने पर बहुत ध्यान देना चाहिए। जितना हम फिट रहेंगे उतना ही हर कार्य को कुशलतापूर्वक कर सकते हैं । कॉलेज के प्रिंसिपल भूपेंद्र पाल सिंह जी भी उपस्थित रहे।

## राजनीतिक पार्टियों के एजेंडे में बाल अधिकार जैसे मुद्दे न होना दुखद

**मथुरा। निकाय** चुनाव का शोर चहुंओर सुनाई दे रहा है। चुनावी मुद्दे भी खूब उछल रहे हैं। वहीं इस शोर में तमाम ऐसे मुद्दे जिन पर शिद्दत से ध्यान केन्द्रित करने की जरूरत लम्बे समय से महसूस की जा रही है इस बार भी कहीं गुम हो गए हैं। इन्हीं में से एक है बाल अधिकारों से जुड़ा मुद्दा। किशोर न्याय बोर्ड मथुरा सदस्य एवं बाल अधिकार कार्यकर्ता सतीश चंद्र शर्मा ने सभी राजनीतिक पार्टियों एवं प्रत्याशियों से बच्चों के मुद्दे भी एजेंडे में शामिल करने की अपील की है। बाल अधिकारों के लिए संकल्प एवं मत अभियान के तहत सभी राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों का आव्हान करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि राजनीतिक दल बच्चों को सर्वोच्च

## वृंदावन में बढते धार्मिक पर्यटन से किसे है परेशानी!

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
कान्हा की नगरी में धार्मिक पर्यटन लगातार बढ़ रहा है। धार्मिक पर्यटन को बढावा देने के लिए सरकार की ओर से भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अब वीक एण्ड पर वृंदावन पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या एकाएक बढ़ जाती है। वहीं विशेष पर्व और आयोजनों पर भारी भीड़ उमड़ती है। इस भीड से एक ओर जहां स्थानीय लोगों के रोजगार की संभावनाएं बढ रहीं हैं वहीं स्थानीय लोग कई तरह की शिकायतें भी कर रहे हैं। भीड़ का दबाव वृंदावन में देखने को मिल रहा है जबकि मथुरा में भीडभाड कम रहती है। स्थानीय लोगों की शिकायतें भी वृंदावन से ही ज्यादा मिल रही हैं। वृंदावन में स्थित विश्व प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में दर्शनों के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयोगों से स्थानीय लोग खुश नहीं हैं। यातायात प्रतिबंधों के अलावा बांके बिहारी मंदिर क्षेत्र में मुख्य सड़क पर लगाई गई रैलिंग मुद्दा बन गई है, कई बार व्यापारी इसका विरोध कर चुके हैं। बाजार बंद कर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। हालांकि यह समस्त वृंदावन वासियों का विरोध नहीं है। करीब 400 मकानों और 200 से ज्यादा दुकानों के स्वामी विरोध कर रहे हैं। विरोध करने वालों में विद्यापीठ चौराहा से लेकर बांके बिहारी मंदिर तक के बाजार के दुकानदार हैं। विद्यापीठ चौराहा से बांके बिहारी मंदिर तक तीन फीट चौड़ी रैलिंग लगा दी गई है। सड़क के बीच लगाई गई इस रेलिंग के कारण स्थानीय निवासियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि इस नई व्यवस्था के कारण क्षेत्र के व्यापारियों का व्यापार ठप हो गया है तो वहीं स्थानीय निवासियों का घरों से निकलना दुश्वार है। व्यापारियों की मांग है कि इस रेलिंग के कारण व्यापार ठप हो गया है। बांके बिहारी जी मंदिर को जाने वाले मुख्य रोड पर बीच में प्रशासन द्वारा लगवाई गई रेलिंग से इस क्षेत्र में रहने वाले स्थानीय नागरिकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## ब्राह्मणों ने वृंदावन में कांग्रेस प्रत्याशी बिट्टू भैया को लिया हाथों हाथ



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
मथुरा-वृंदावन नगर निगम के मेयर पद के लिए कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी श्याम सुंदर उपाध्याय बिट्टू भैया ने गुरुवार सुबह ठाकुर बांके बिहारी की चरण रज का तिलक कर चुनाव प्रचार अभियान का शुभारंभ किया। इससे पहले उन्होंने लुटेरिया हनुमान मंदिर की चौखट पर माथा टेका। गौरे दाऊजी आश्रम पहुंचे और वहां साधु संतों ने उनको विजय श्री का आशीर्वाद दिया। अटल्ला चौराहे पर बांके बिहारी जी की नगरी को नमन करने के बाद प्रत्याशी अपने काफिले के साथ पैदल ही भगवान रंगनाथ मंदिर पहुंचे। यहां रवि गौतम, निर्भय पांडेय और शुभम समेत बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों ने उनको स्वागत किया। रवि गौतम ने कहा, वृंदावन से पहले भाजपा का मेयर का जिता कर भेजा था, लेकिन जीत के बाद उन्होंने यहां की जन समस्याओं की तरफ मुड़कर नहीं देखा। बंदरों की समस्या से निजात दिलाने का वादा किया था। यमुना मैया के जल में व्याप्त प्रदूषण को दूर करने की बात कही, लेकिन आज तक न तो बंदरों का आतंक खत्म हुआ और न यमुना का जल ही शुद्धा हो सका। बाबूलाल शर्मा ने भाजपा नेताओं ने चुनौती देते हुए कहा कि वह यमुना किसी भी घाट से एक गिलास पानी पीकर तो दिखाएं। उन्होंने कहा कि टैक्स इतना बढ़ा दिया गया है कि छोटे, बड़े दुकानदार व भवन स्वामी परेशान है। उनका कहना था, जब से भाजपा ने नगर निगम की कमान को संभाला तब से लेकर आज तक वृंदावन की जनता को परेशान ही किया गया। अब यहां का ब्राह्मण समाज नगर निगम की सत्ता में परिवर्तन चाहता है। निर्भय पंडित ने कहा कि कांग्रेस ने कभी महंगाई को हावी नहीं होने दिया और आज महंगाई चरम पर पहुंच गई है। रोजगार मिल नहीं पा रहा है और लोगों को परेशान किया जा रहा है। ई रिक्शा सड़क पर खड़ा कर कांग्रेस प्रत्याशी को स्वागत करने पहुंचे इस्लाम ने कहा कि उनको परेशानी के अलावा कुछ नहीं दिया गया। गरीबों को दो वक्त की रोटी के लाले पड़े हुए है। काम धंधा आधा रह गया। ई रिक्शा चलाने नहीं दिया जा रहा है। सफाई को लेकर भी नगर वासियों ने अपनी नराजगी जाहिर की। मुनमुन पंडित ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी श्याम सुंदर उपाध्याय बिट्टू भैया के पास अनुभव है कि निकाय में कैसे कार्य कराया जाता है, जबकि दूसरे किसी प्रत्याशी पर नगर निगम की एबीसीडी भी नहीं पता है। वही बांके बिहारी की नगरी को दुनिया में विकास कार्यों के बल पर एक नई पहचान दिलाने में भी सक्षम है। कांग्रेस प्रत्याशी ने अनाज मंडी, बांके बिहारी मंदिर क्षेत्र, अठखंभा, वनखंडी, लोई बाजार, प्रताप बाजार, अनाज मंडी और चुंगी चौराहे पर भ्रमण कर वोट मांगे।

## यूजीसीए ने प्रीडेटर एलेवन को 8 विकेट से हराया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रॉयल** स्पोर्ट्स एकेडमी घेवरा में दिलीप मेमोरियल ओपन कैश प्राइज टूर्नामेंट द्वारा आयोजित लीग मैच में यूजीसीए ने प्रीडेटर एलेवन को 8 विकेट से हरा दिया। यश चनपुरिया ने 103 रनों (65 बॉल, 2*6,4*14) की शानदार पारी खेली। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिव्यांशु की 77 रनों की बदौलत प्रीडेटर एलेवन ने 34.4 ओवर में 161 रन ही बना सकीं। प्रीडेटर एलेवन का और कोई भी बल्लेबाज कुछ खास कमाल नहीं कर सका। जवाब में यूजीसी ने 22.3 ओवर में ही 2 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। आपको बता दें कि यश चनपुरिया को उनके शानदार बैटिंग के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

## ईसाई समाज पर किसी भी तरह की ज्यादती नहीं होने दी जाएगी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला(मनीष कुमार)**
**भाजपा** शासित प्रदेशों के साथ-साथ अब जिन प्रदेशों में कांग्रेस की सरकार है वहां भी कुछ कट्टरपंथियों द्वारा सरे-आम व कई बार तो धार्मिक स्थल (चर्चों) में भी घुसकर चर्च के पास्टर व चर्च में सत्संग करने वाले प्रभु यीशु विश्वासियों को पीटा जा रहा है। इन बातों को लेकर इसाई समाज का एक प्रतिनिधि मंडल हरियाणा पास्टर ऐसासिएशन कके प्रदेश सचिव पास्टर संजीव चौधरी तथा क्रिश्चयन मूवमेंट के प्रदेश संयोजक तथा हरियाणा पास्टर एसोसिएशन जिला अम्बाला के अध्यक्ष पास्टर फिलिप डेविड की अगुवाही में पूर्व केन्द्रीय मंत्री तथा छत्तीसगढ़ की प्रभारी कुमारी सैलजा के निवास पर उनसे मिला। इसाई नेता प्रदीप मसीह भी इस अवसर पर मौजूद थे। कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस सभी धर्मों का विशेष आदर करती है।

## संगठनों ने फूंके सांसद शरण व मंत्री संदीप के पुतलें



**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत**
**अखिल** भारतीय किसान सभा, सैंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन, अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन, हरियाणा किसान सभा, अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति व हरियाणा खेत मजदूर यूनियन के संयुक्त नेतृत्व में बृहस्पतिवार को उपायुक्त पानीपत के माध्यम से राष्ट्रपति महोदया के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में सभी संगठनों ने भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष एवं भाजपा सांसद बृजभूषण शरण तथा हरियाणा सरकार के मंत्री संदीप सिंह पर कार्रवाई की मांग की गई है। इससे पहले सभी संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य गीता कालोनी स्थित शिव वर्मा स्मारक भवन में एकत्रित हुए। वहां से सांसद बृजभूषण शरण व मंत्री संदीप सिंह के पुतले को लेकर सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए जीटी रोड़ लाल बत्ती स्थित संविधान चौंक व बस अड्डा के पास से होते हुए जिला सचिवालय के पास पहुंचे और जिला सचिवालय के सामने ही सांसद बृजभूषण शरण व संदीप सिंह के पुतलें फूंके गये। इस मौके पर सीटू के जिला अध्यक्ष सुनील दत्त, खेत मजदूर यूनियन राज्य संयुक्त सचिव राजेंद्र, अखिल भारतीय किसान सभा जिला अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र मलिक व दरियाव सिंह आदि ने संयुक्त रूप से कहा यह पूरे देश के लिए बेहद शर्मनाक स्थिति है कि दुनिया में देश का नाम रोशन करने वाले अंतर्राष्ट्रीय पहलवानों को न्याय के लिए 3 महीनों में दूसरी बार जंतर-मंतर पर धरना देने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

# एससी के लिए सुरक्षित सीट पर बसपा ने धनगर (पिछड़े) को दिया टिकट

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**उत्तर प्रदेश** में होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव में सभी दलों ने अपने प्रत्याशियों को चुनावी समर में योद्धा के रूप में उतारा है प्रथम चरण के चुनाव के लिए 4 मई को मतदान होना है मथुरा वृंदावन नगर निगम का चुनाव भी इसी दिन होना है। अधिकांश दलों में पार्टी प्रत्याशियों को लेकर गुटबाजी और आक्रोश साफ दिखाई दे रहा है इसी श्रंखला में बहुजन समाज पार्टी भी विवादों के घेरे में प्रत्याशियों को लेकर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार नगर निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्र के वार्ड नंबर 19 से जो अनुसूचित जाति पुरुष के लिए आरक्षित है ।यहां से राष्ट्रीय लोक दल भारतीय जनता पार्टी और एक निर्दलीय प्रत्याशी पाल बघेल समाज के धनगर को प्रत्याशी बनाया है । जब कि पाल बघेल धनगर पिछड़ा वर्ग में आते हैं । इसके बावजूद जानबूझकर अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट पर धनगर जाति के लोगों को प्रत्याशी बनाया है। इन दलों को छोड़कर जो बहुजन समाज विशेषकर जाटव समाज के योगदान से पल्लवित हुई बहुजन समाज पार्टी ने भी चंद्रभान धनगर नामक व्यक्ति को हाथी चुनाव चिन्ह का सिंबल देकर पार्षद का प्रत्याशी बनाया गया है । वार्ड नंबर 19 की सीट को लेकर जाटव समाज विशेष का दलित जातियां बहुजन समाज पार्टी के नेताओं के निर्णय से नाखुश नजर आ रही हैं । वही बहुजन समाज पार्टी और उसके नेतृत्व को सबक सिखाने का मन बनाए हैं । यहां यह बताना जरूरी है । पिछले चुनाव में अडुकी वार्ड से अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित था । उस पर सुरेश धनगर नाम के व्यक्ति ने चुनाव लड़ कर विजय तो प्राप्त कर ली। लेकिन अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या 8 ने अपने 30 नवंबर 2019 के आदेश में सुरेश धनगर को ओबीसी जाति का मानते हुए अनुसूचित जाति की सीट पर जीत को समाप्त करते हुए दूसरे नंबर के प्रत्याशी सत्यनारायण को जो अनुसूचित जाति की जाटव जाति से ताल्लुक रखता था को विजई घोषित कर दिया । फिरोजाबाद में एक निर्वाचित प्रधान को जो शिकोहाबाद ब्लॉक के ग्राम पंचायत वासुदेव मई से अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित पद पर जीत गया था । उच्च न्यायालय ने ओबीसी जाति का मानते हुए उसके चुनाव को गलत मानते हुए । उसे पदच्युत कर दिया था । इसी प्रकार नगीना के तहसीलदार ने गलत तथ्यों पर धनगर जाति के प्रमाण पत्र बनवा लेने पर उन्हें निरस्त कर गलत सूचना देने वाले के प्रति कार्यवाही के आदेश दिए थे । मथुरा में भी पूर्व में तहसील सदर और तहसील माँट में भी भारी संख्या में धनगर जाति के बने हुए जाति प्रमाण पत्रों को निरस्त किया गया था। मजे की बात है इतना सब होने के बावजूद भी पाल बघेल समाज के लोग ओबीसी और एससी दोनों ही वर्गों का फायदा लेने में पीछे नहीं रह रहे हैं।

## बीजेपी सरकार का बेटी पढ़ाओ- बेटी बचाओ को नारा भी जुमला साबित हुआः राजेंद्र जून



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** कांग्रेस विधायक राजेंद्र सिंह जून ने बृहस्पतिवार को दिल्ली रोहतक रोड स्थित कार्यालय पर जन समस्याएं सुनी। जन समस्याएं सुनने के दौरान विधायक ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का निवारण करने के निर्देश दिए। समस्या सुनने के उपरांत मौजूद पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि खट्टर व मोदी सरकार के कुशासन से आज किसान, खिलाड़ी,युवा सहित सभी वर्ग दुखी है। विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि बीजेपी राज में एक तरफ जहां युवा रोजगार को तरस रहा है वही खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके भारत का नाम पूरे विश्व में रोशन करने वाले हमारे खिलाड़ी जंतर मंतर पर धरना देकर न्याय पाने की गुहार लगा रहे हैं। विधायक ने कहा कि किसान अपनी फसल को बेचने तथा पेमेंट पाने को तरस रहा है। किसानों की आय दोगुनी करने का झूठा वादा करने वाली खट्टर सरकार ने अब तक ओलावृष्टि व तेज बरसात से खराब हुई फसलों के फसल खराबे का मुआवजा तक किसानों को नहीं दिया है जिससे अन्नदाता किसान भारी आर्थिक संकट से जूझ रहा है। विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि भाजपा एक तरफ बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ का नारा देती है वही हमारी खिलाड़ी बेटियां आज न्याय पाने को जंतर मंतर पर धरना दे रही है।

## लंदन मैराथन में हिस्सा लेने के बाद घर लौटते समय व्यक्ति की मौत

**लंदन।** लंदन मैराथन में भाग लेने के बाद घर लौटते समय 45 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। आयोजकों ने उक्त जानकारी दी। नॉटिंघम के स्टीव शैंक्स एक अनुभवी धावक थे, जिन्होंने दो घंटे, 53 मिनट, 26 सेकंड में दौड़ पूरी की, आयोजकों ने कहा कि उनकी



मृत्यु का कारण बाद में चिकित्सा परीक्षण के बाद पता चल सकेगा। आयोजकों ने कहा, लंदन मैराथन इवेंट्स में हर कोई स्टीव शैंक्स की अचानक मौत के बारे में सुनकर बहुत दुखी हुआ। स्टीव की स्मृति में मल्टीपल स्केलेरोसिस सोसाइटी के लिए एक चैरिटी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

केन्या के केल्विन किप्टम ने दो घंटे, एक मिनट, 25 सेकंड के रिकॉर्ड समय के साथ पुरुषों की दौड़ जीती, जबकि डच मध्य-दूरी के एथलीट सिफान हसन ने महिला वर्ग में जीत दर्ज की। मैराथन में 48,000 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया।

## विश्व शतरंज चैंपियनशिपः राउंड 12 - डिंग की शानदार वापसी 6-6 हुआ स्कोर

**अस्ताना, कज़ाकिस्तान।** विश्व शतरंज चैंपियनशिप 2023 के 12वें राउंड के पहले ऐसा लग रहा था की रूस के यान नेपोमनिशी विश्व खिताब आसानी से जीत जाएँगे लेकिन लगातार तीन ड्रॉ के बाद उनके प्रतिद्वंदी चीन के डिंग लीरेन नें आखिरकार जीत दर्ज करते हुए ना सिर्फ शानदार वापसी की बल्कि अब विश्व चैम्पियन कौन बनेगा यह कहना बहुत मुश्किल हो चुका है क्यूंकी सिर्फ दो राउंड बाकी रहते स्कोर 6-6 से बराबर हो चुका है ।सफ़ेद मोहरो से खेल रहे डिंग नें आज कोले सिस्टम ओपनिंग खेलकर नेपो को उनकी तैयारी से दूर रखने की रणनीति अपनाई जो



उनके लिए सही भी साबित हुई बावजूद इसके खेल की स्थिति संतुलित थी पर खेल की 11वीं चाल मे डिंग नें अपने ऊंट से नेपो के घोड़े को मारते हुए दोनों राजा की स्थिति को कमजोर करने का निर्णय लिया पर इसका ज्यादा फायदा नेपो को मिला और उन्होने अपनी स्थिति मजबूत कर ली ऐसे मे डिंग नें अपने वजीर को सक्रिय करने का निर्णय लिया , खेल की 27 से लेकर 29 चाल तक नेपो के पास डिंग के राजा पर आक्रमण करने के तीन मौके थे और उन्होने यह तीनों मौके खो दिये और इसके बाद डिंग नें उनके राजा पर आक्रमण करते हुए 38 चालों में बाजी अपने नाम कर ली ।

## जीत के बाद कप्तान नीतिश बोले- मदद मांगने पर इस खिलाड़ी ने हमेशा हाथ खड़ा किया

**बेंगलुरू ।** आईपीएल 2023 के 36वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को उन्हीं के घर में 21 रनों से करारी शिकस्त दी। इस मैच में कोलकाता की जीत के बाद कप्तान नीतिश राणा ने युवा स्पिन गेंदबाज सुयश शर्मा की जमकर तारीफ की, जिन्होंने इस मैच में 2 अहम विकेट चटकाए।

राणा ने कहा कि जब भी वह इस गेंदबाज से बात करते हैं तो हमेशा यह गेंदबाज तैयार रहता है। नीतिश राणा ने कहा, 'पिछले 3-4 मैचों में मैं टॉस में एक ही बात कहता रहा हूं - अगर हम सामूहिक रूप से अच्छा खेलते हैं, तो परिणाम हमारे पक्ष में होगा। हमारे हालात में इस तरह का प्रदर्शन करने के लिए आपको ड्रेसिंग रूम में काफी जज्बे की जरूरत होती है। विश्वास हमेशा से रहा है कि हम वापसी करेंगे। हम बोर्ड पर एक अंक रखना चाहते थे। लगा कि यह दूसरी पारी में पिच टर्न लेगा क्योंकि ओस ज्यादा नहीं थी। यह ज्यादा टर्न नहीं हुआ लेकिन हमने अच्छी गेंदबाजी की। जब भी मैंने उनसे (सुयश शर्मा) बात की है, उन्होंने हमेशा हाथ ऊपर किया है। वह हमेशा कहता है कि मैं काम करूंगा। हम उनसे कहते हैं कि यह मत देखो कि तुम्हारे खिलाफ कौन बल्लेबाजी कर रहा है, बस अपनी गेंदबाजी पर ध्यान दो।'

## चोटिल केन विलियमसन टीम मेंटर के तौर पर विश्व कप में ले सकते हैं हिस्सा

**रावलपिंडी।** न्यूजीलैंड के सफेद गेंद के कप्तान केन विलियमसन के इस साल के अंत में भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में खेलने की संभावना नहीं है, लेकिन वह टीम मेंटर के रूप में इस टूर्नामेंट के लिए भारत की यात्रा कर सकते हैं।

मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि वह अनुभवी बल्लेबाज और सीमित ओवरों के कप्तान का मेंटर जैसी भूमिका में इस्तेमाल करना चाहेंगे। विलियमसन अपने दाहिने घुटने के एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट की सफल सर्जरी के बाद पुनर्वसन में हैं। विलियमसन को पिछले महीने इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटन्स के लिए अपने पहले मैच में क्षेत्ररक्षण करते समय चोट लगी थी।

बाउंड्री पर एक छक्के को रोकने का प्रयास करते हुए, विलियमसन ने हवा में छलांग लगाई और नीचे गिरते ही उनके घुटने में चोट लग गई। चोट इतनी गंभीर थी कि उन्हें मैदान से बाहर ले जाना पड़ा। स्टीड ने पाकिस्तान के खिलाफ न्यूजीलैंड की पांच मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से पहले संवाददाताओं से कहा, यह



अभी भी जानना बहुत जल्दी है। उसका ऑपरेशन हुआ है और आज तक, जो हम जानते हैं, वह सफल रहा है। इसलिए वह अपने पुनर्वसन कार्यक्रम के बहुत ही प्रारंभिक चरण में है। अक्टूबर में शुरू होने वाले 50 ओवर के विश्व कप से विलियमसन बाहर हो गए हैं और उनको पूरी तरह से ठीक होने में कम से कम नौ महीने लगेंगे। हालांकि, स्टीड अभी भी आशावादी है। स्टीड ने कहा, फिलहाल संभावना नहीं है कि केन उपलब्ध होंगे, लेकिन हम निश्चित रूप से उनके अनुभव का फायदा उठाना चाहेंगे। न्यूजीलैंड पिछले दो एकदिनी विश्वकप का उपविजेता रहा है। विलियमसन की कप्तानी में, न्यूजीलैंड को 2019 विश्व कप के फाइनल में एक बेहद ही रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

## भारतीय हैंडबाल टीम ने अंडोरा को हराया, आनंदेश्वर पांडेय ने दी बधाई

**-बुल्गारिया में आयोजित हैंडबाल प्रतियोगिता में भारत की अच्छी शुरूआत**

**लखनऊ।** भारत की जूनियर पुरुष हैंडबॉल टीम ने बुल्गारिया में आयोजित चौथी आईएचएफ इमर्जिंग नेशन्स हैंडबॉल चैंपियनशिप में अपने पहले लीग मैच में अंडोरा को 26-23 गोल से हराकर जीत से अपना अभियान शुरू किया।

हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने टीम को बधाई दी है। इसके साथ ही उम्मीद जताई है कि भारतीय टीम विश्व स्तर नाम रोशन करेगी। यह मैच काफी रोमांचक रहा, जिसमें भारत ने मध्यांतर तक 14-10 की मामूली बढ़त बना ली थी। भारतीय टीम की ओर से अंकित सबसे ज्यादा आक्रामक रहे जिन्होंने विरोधी टीम के डिफेंस को भेदते हुए अकेले 10 गोल दागे। उनका साथ देते सुमित ने छह गोल किये। साहिल, मोहित प्रथम व मोहित द्वितीय ने तीन-तीन गोल किये। अमित को एक



गोल करने में सफलता मिली। टीम में शामिल यूपी के शुभम सिंह व अमरमणि त्रिपाठी ने भी उम्दा प्रदर्शन किया। दूसरी ओर अंडोरा की टीम से उनाई रुइज़ ने सबसे ज्यादा 10 गोल किये। डेनियल जिमेनेज़ को 4, जोएल बाड, पोऊ मनेसा व अलेक्स रास को दो-दो गोल करने में सफलता मिली। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने बधाई दी और बताया कि भारतीय खिलाड़ियों ने आज के मुकाबले में अंडोरा की टीम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए रोमांचक जीत दर्ज की। उन्होंने बताया कि भारतीय टीम चैंपियनशिप में कल यानि 27 अप्रैल को माल्टा के खिलाफ अपना दूसरा मैच खेलेगी।

## बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2023 : आकर्षी कश्यप बाहर, सिंधु प्री क्वार्टरफाइनल में

**दुबई।** भारतीय शटलर आकर्षी कश्यप बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2023 से बाहर हो गई हैं। राउंड ऑफ 32 में आकर्षी को इंडोनेशिया की कोमांग आयु काह्या देवी ने 21-6,21-12 से हराया। वहीं, शीर्ष भारतीय शटलर और ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने प्री-क्वार्टर चरण में प्रवेश कर लिया है। सिंधु ने ताइवान की सु वेन-ची को 21-15, 22-20 से हराया। भारतीय पुरुष शटलर किदांबी श्रीकांत भी अंतिम 16 में पहुंच गए। उन्होंने बहरीन के अदनान इब्राहम को 21-13, 21-8 से हराया। युगल प्रतियोगिता में, एमआर अर्जुन




और ध्रुव कपिला की जोड़ी राउंड ऑफ 32 में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई, जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने अगले दौर में जगह बना ली।

ध्रुव और अर्जुन मलेशियाई जोड़ी ओंग यू सिन और टियो ई यी से 21-12, 16-21, 12-21 से हार गए जबकि सात्विक और चिराग ने मलेशिया के टैन कियान मेंग और टैन वी किओंग को 21-14, 21-17 से हराया।

एच एस प्रणय ने भी म्यांमार के फोन पेई नाइंग को 21-14, 21-9 से हराया।

त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला जोड़ी भी प्री-क्वार्टर चरण में पहुंच गई।

उन्होंने लैनी ट्रिया मायासारी और रिबिका सुगियार्तो की इंडोनेशियाई जोड़ी को 17-21, 21-17, 21-18 से हराया।

## हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पूरे सीजन से बाहर हुए रीस जेम्स

**लंदन।** चेल्सी के युवा लेफ्ट-बैक रीस जेम्स हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पूरे सीजन के लिए बाहर हो गए हैं। क्लब के कार्यवाहक प्रबंधक फ्रैंक लैम्पार्ड ने उक्त जानकारी दी। जेम्स स्टैमफोर्ड ब्रिज में चैंपियंस लीग क्वार्टर फाइनल मैच में रियल मैड्रिड के खिलाफ मुकाबले में चेल्सी की टीम का हिस्सा थे। उन्हें मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट का सामना करना पड़ा और वे पूरे सीज़न के लिए बाहर हो गए। जेम्स चोटिल होने के बावजूद मैच खेलते रहे। लैम्पार्ड ने कहा, दर्द में भी प्रदर्शन करने की जेम्स की इच्छा ने उस खिलाड़ी के गौरव को परिभाषित किया जो फुटबॉल खेलना पसंद करता है।



अगर आपमें उस तरह की इच्छा नहीं है तो आप चेल्सी के लिए शीर्ष खिलाड़ी नहीं हो सकते। लैम्पर्ड ने कहा,'मुझे नहीं लगता कि यह चेल्सी को जरूरी प्यार करने के बारे में है। यह आप जो करते हैं उस पर गर्व करने और फुटबॉल खेलने से प्यार करने के बारे में है। जब आप प्रीमियर लीग में शीर्ष टीम बनना चाहते हैं तो टीम में खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए यह एक शर्त होनी चाहिए।

## इंजीनियर बनना जरूरी नहीं है, किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं : दीपा मलिक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री की 'मन की बात' कार्यक्रम के 100वें एपिसोड पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय पैरा-एथलीट दीपा मलिक ने भी हिस्सा लिया।

भारतीय एथलीट ने इस बात पर जोर दिया कि इंजीनियर बनना जरूरी नहीं है। यदि कोई व्यक्ति अपने जीवन में जिस भी क्षेत्र में आगे बढ़ने का फैसला करता है, उसमें उत्कृष्टता और योगदान दे सकता है, तो पीएम नरेंद्र मोदी आपकी सराहना करने के लिए वहां मौजूद रहेंगे।

मन की बातश 100 राष्ट्रीय संगोष्ठी में मलिक ने कहा, इंजीनियर बनना जरूरी नहीं है। आप जो भी क्षेत्र चुनते हैं, अगर आप उत्कृष्टता हासिल करते हैं या देश के विकास में योगदान करते हैं, तो पीएम मोदी आपकी सराहना करेंगे।

सम्मेलन का आयोजन प्रसार भारती द्वारा यहां राष्ट्रीय राजधानी के विज्ञान भवन में किया गया था। कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की उपस्थिति में उपाध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने की।

देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 100 सम्मानित नागरिक जिनके नाम का उल्लेख प्रधान मंत्री ने मन की बात के पिछले एपिसोड में किया था, इस कार्यक्रम में



शामिल हुए। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 3 अक्टूबर, 2014 को अपनी स्थापना के बाद से, 'मन की बात' एक राष्ट्रीय परंपरा बन गई है, जिसमें प्रधानमंत्री हर महीने राष्ट्र को संबोधित करते हैं, लाखों लोगों को भारत की विकास यात्रा में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हैं। तब से, इसने नागरिकों के साथ एक संबंध स्थापित किया है। भारत के लोग हर महीने अपने प्रधान सेवक के पास अपनी उपलब्धियों, चिंताओं, खुशी और गर्व के क्षणों के साथ-साथ नए भारत के सुझावों को साझा करते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की शुरुआत 3 अक्टूबर 2014 को हुई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के जरिए दुनिया की ऐसी शख्सियतों को खोजा, जिन्होंने अपने क्षेत्र में विशेष योगदान दिया, लेकिन उनकी पहचान छिपी रही। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने मन की बात में जलवायु परिवर्तन, कृषि, कला, संस्कृति और स्वास्थ्य सभी विषयों को शामिल किया और अपने मन की बात कार्यक्रम में हर बार कुछ नया समाज के सामने पेश किया ताकि समाज को इसके बारे में जानकारी मिल सके। इसका मकसद देश को एक सूत्र में बांधना और सबको साथ लेकर विकास करना है।

## कोलकाता ने भेदा बैंगलोर का किला, दर्ज की बड़ी जीत

**बेंगलुरू।** सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय के अर्धशतक और कप्तान नितीश राणा की तेजतर्रार पारी के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को 21 रन से हराकर लगातार चार हार के क्रम को तोड़ा। नाइट राइडर्स के 201 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की टीम कप्तान विराट कोहली (37 गेंद में 54 रन, छह चौके) के अर्धशतक के बावजूद आठ विकेट पर 179 रन ही बना सकी। उनके अलावा सिर्फ महिपाल लोमरोर (34) और दिनेश कार्तिक (22) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। नाइट राइडर्स की ओर से लेग स्पिनरों वरुण चक्रवर्ती (27 रन पर तीन विकेट) और सुयश शर्मा (30 रन पर दो विकेट) ने मिलकर पांच विकेट चटकाए।

आंद्रे रसेल (29 रन पर दो विकेट) ने भी दो विकेट हासिल किए। नाइट राइडर्स ने इससे पहले रॉय (29 गेंद में पांच छक्कों और चार चौकों से 56 रन) और कप्तान राणा (21 गेंद में 48 रन, चार छक्के, तीन चौके) की पारियों से पांच विकेट पर 200 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे आरसीबी की शुरुआत खराब रही और टीम ने पावर प्ले में 58 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए। इंपैक्ट प्लेयर के रूप में उतरे कप्तान फाफ डुप्लेसी (17) ने उमेश यादव पर लगातार दो छक्के




मारे लेकिन सुयश की गेंद को बाउंड्री पर रिंकू सिंह के हाथों में खेल गए। सुयश ने इसके बाद शाहबाज अहमद (02) को पगबाधा किया जबकि ग्लेन मैक्सवेल (05) ने चक्रवर्ती की गेंद पर डेविड वाइसी को कैच थमाया। कप्तान कोहली हालांकि एक छोर पर डटे रहे। उन्होंने पदार्पण कर रहे वैभव अरोड़ा पर चौके के साथ खाता खोला और फिर सुयश पर लगातार दो चौके मारे। लोमरोर ने सुनील नारायण पर दो छक्के मारे जबकि कोहली ने सुयश पर चौके के साथ 11वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया और फिर इसी ओवर में दो रन के साथ 33 गेंद में मौजूदा टूर्नामेंट का अपना पांचवां अर्धशतक बनाया। लोमरोर ने चक्रवर्ती पर अपना तीसरा छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर बाउंड्री पर रसेल को कैच दे बैठे। उन्होंने 18 गेंद में तीन छक्के और एक चौका मारा। आरसीबी को अगले ओवर में बड़ा झटका लगा जबकि रसेल की गेंद पर वेंकटेश अय्यर ने बाउंड्री पर कोहली का शानदार कैच लपका। सुयश प्रभुदेसाई भी नौ गेंद में 10 रन बनाकर रन आउट हुए जिससे टीम का स्कोर छह विकेट पर 138 रन हो गया। मेजबान टीम को अंतिम पांच ओवर में 63 रन की जरूरत थी। अगले दो ओवर में सिर्फ 15 रन बने जबकि रसेल ने वानिंदु हसरंगा (05) को पवेलियन भेजा। चक्रवर्ती के अगले ओवर में भी सिर्फ चार रन बने जबकि दिनेश कार्तिक (22) ने रिंकू को कैच थमा दिया जिससे आरसीबी की रही सही उम्मीद भी टूट गई। आरसीबी को अंतिम दो ओवर में 44 रन की दरकार थी और टीम इस स्कोर के आसपास भी नहीं पहुंच सकी। इससे पहले कोहली ने टॉस जीतकर नाइट राइडर्स को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया जिसके बाद रॉय और जगदीशन ने पहले विकेट के लिए तेजी से 83 रन जोड़े। रॉय ने मोहम्मद सिराज (33 रन पर एक विकेट) के पहले ओवर में दो चौके जड़ने के बाद उनके अगले ओवर में भी चौका मारा। जगदीशन ने भी डेविड विली पर चौके से खाता खोला और फिर उनके अगले ओवर में दो बार गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। रॉय ने शाहबाज अहमद का स्वागत चार छक्कों से किया जिससे नाइट राइडर्स ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 66 रन बनाए। रॉय ने विशाख की गेंद पर एक रन के साथ सिर्फ 22 गेंद में लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया। जगदीशन हालांकि विजयकुमार विशाख (41 रन पर दो विकेट) के अगले ओवर में बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में बाउंड्री पर विली को कैच दे बैठे। उन्होंने 29 गेंद में चार चौके मारे। विशाख ने इसी ओवर की अंतिम गेंद पर रॉय को भी बोल्ड करके नाइट राइडर्स का स्कोर 10 ओवर में दो विकेट पर 88 रन किया। वेंकटेश अय्यर ने वानिंदु हसरंगा (24 रन पर दो विकेट) पर दो चौकों के साथ 12वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया।

## नीतीश राणा का गरजा बल्ला, 4 छक्के लगाकर हासिल की बड़ी उपलब्धि

**बेंगलुरू।** आईपीएल 2023 के 36वें मुकाबले में आरसीबी के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान नीतिश राणा का बल्ला गरजा।

नीतिश हालांकि 17वां आईपीएल अर्धशतक लगाने से चूक गए, लेकिन उनके बल्ले से जो पारी निकली उससे उन्होंने एक खास उपलब्धि हासिल कर ली। दरअसल, राणा ने 21 गेंदों में 48 रनों की पारी खेली, जिसमें 3 चौके व 4 दनदनाते छक्के शामिल रहे। इसी के साथ राणा




ने केकेआर के लिए आईपीएल में अपने 100 छक्के पूरे कर लिए हैं।

राणा अब केकेआर के लिए 100 छक्के पूरे करने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। केकेआर के लिए सर्वाधिक छक्के लगाने का करिश्मा विंडीज के धुरंधर किरोन पोलार्ड ने किया है, जिन्होंने 180 छक्के लगा दिए हैं। वहीं तीसरे नंबर पर 85 छक्कों के साथ पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान काबिज हैं।

**आईपीएल में केकेआर के लिए सबसे ज्यादा छक्के:**

180 - आंद्रे रसेल
100 - नितीश राणा
85 - यूसुफ पठान
85 - रॉबिन उथप्पा

आरसीबी को 24वीं बार मिला 200+ टारगेट

## अपने ही घर में आरसीबी को मिली करारी हार, कोहली बोले - हमने यह जीत उनको सौंप दी

**बेंगलुरू।** आईपीएल 2023 के 36वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को उन्हीं के घर में 21 रनों से करारी शिकस्त दी। बेंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में कोलकाता ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 201 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में बैंगलोर 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 179 रन ही बना पाई। इस हार के बाद बैंगलोर के कप्तान विराट कोहली ने कहा कि टीम इस मैच में पूरी तरह विफल रही और टीम ने मैच कोलकाता को पूरी तरह सौंप दिया।

विराट कोहली ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो हमने खेल उनके हाथों में सौंप दिया। इस




मैच में हम हारने के लायक थे। हमने उन्हें जीत सौंपी। हम निश्चित रूप से मानक के अनुरूप नहीं थे। अगर आप खेल पर नजर डालें तो हमने अपने मौकों का फायदा नहीं उठाया। हमने कुछ मौके गंवाए, जिससे हमें 25-30 रन गंवाने पड़े। हमने खुद को काफी अच्छे से सेट किया है। पीछा करते समय भी, विकेट गंवाने के बावजूद हम खेल में बने रहने से एक साझेदारी दूर थे। हमें मैच अपने पक्ष में लाने के लिए एक साझेदारी की जरूरत थी। हमें स्विच ऑन करने की जरूरत है न कि सॉफ्ट प्ले देने की। हमें टूर्नामेंट के बाद के चरणों के लिए अच्छी स्थिति में रहने के लिए कुछ मैच जीतने की जरूरत है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 28 अप्रैल 2023 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

# 'विकास के लिए विजन और योग्य नेतृत्व चाहिए'

## प्रधानमंत्री मोदी का विजन ही हमारा मिशन, मुख्यमंत्री ने नगर निकाय चुनाव प्रचार के तहत फिरोजाबाद में जनसभा की

**टीम एक्शन इंडिया/फिरोजाबाद**
**विकास** के लिए विजन और योग्य नेतृत्व चाहिए। प्रदेश के विकास के लिए सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है। 2014 के पहले देश में कांग्रेस और प्रदेश में समाजवादी पार्टी के फेल इंजन यूपी के विकास को पीछे लेकर जा रहे थे। वहीं डबल इंजन की सरकार उत्तर प्रदेश के विकास को डबल स्पीड के साथ आगे बढ़ा रही है और विकास के कार्यों को धरातल पर उतार रही है। विकास की इस स्पीड को तीन गुना बढ़ाने के लिए अब सरकार को ट्रिपल इंजन चाहिए। इसके लिए आपको इस निकाय चुनाव में भाजपा के सभी प्रत्याशियों को जिताना होगा। इससे विकास कार्यों के लिए केंद्र और राज्य सरकार की तरफ से आने वाले पैसे का सही उपयोग हो पाएगा।यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने



गुरुवार को फिरोजाबाद में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कही।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नगर निकाय चुनाव प्रचार के तीसरे दिन गुरुवार को फिरोजाबाद पहुंचे, जहां उन्होंने तिलक इंटर कॉलेज के मैदान में एक जनसभा में उपस्थित भारी भीड़ को संबोधित किया। उन्होंने मतदाताओं से भाजपा को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश के शहर शोहदों के आतंक से भयभीत नहीं है बल्कि सेफ सिटी के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं। यूपी की शहर कूड़े के ढेर नहीं बल्कि स्मार्ट सिटी के रूप में अपना जलवा बिखेर रहे हैं। 2017 के पहले पार्टी विशेष के लोग तमंचा लेकर घूमते थे, जो व्यापारियों और आम नागरिकों को भयभीत करते थे।
आज नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के युवा अपने हाथ में टैबलेट लेकर चलते हैं। प्रदेश के दो करोड़ युवाओं को हमारी सरकार टैबलेट और स्मार्ट फोन उपलब्ध करा रही है। सेफ सिटी, इंट्रीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर हैं। हंट सिटी सर्विलांस के माध्यम से ट्रैफिक, स्वाथ्य और स्वच्छता के कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहे हैं।

## आज मिल रहा है ब्याज मुक्त ऋण: सीएम

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को राष्ट्रीय शिक्षा नीति दी। यह शिक्षा नीति भारत और यूपी के टैलेंट को टेक्नोलॉजी और ट्रेनिंग के साथ जोड़कर स्थानीय स्तर पर नौकरी उपलब्ध कराने का बहुत अच्छा माध्यम बनेगी। 2017 के पहले गरीबों की जमीन और मकान कब्जा कर लिए जाते थे। आज गरीबों को मकान दिया जा रहा है। पहले व्यापारियों और पटरी दुकानदारों से रंगदारी वसूली जाती थी। आज उन्हें पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है।



**2014 के पहले देश के सामने पहचान का संकट था:** मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 के पहले देश के सामने पहचान का संकट था। भ्रष्टाचार चरम पर था। युवा परेशान था। दुनिया के अंदर भारत का कोई सम्मान नहीं रह गया था। विकास के कार्य केवल पंच वर्षीय योजना तक ही सीमित रह गए थे। न सुरक्षा थी और न सम्मान था। किसान परेशान थे, नौजवान पलायन के लिए मजबूर थे। देश के अंदर आत्महत्याओं का दौर चल रहा था। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद स्थितियां बदली। उन्होंने नए भारत का निर्माण किया। साथ ही एक भारत और श्रेष्ठ भारत की तस्वीर हम लोगों के सामने प्रस्तुत की। आज हर भारतवासी को दुनिया में सम्मान प्राप्त हो रहा है। अब दुनिया में जब भी कोई संकट आता है तो विश्व बिरादरी भारत की तरफ देखती है। आज भारत की पहचान टैलेंट, टेक्नोलॉजी और ट्रेनिंग के तौर पर हो रही है। आज नए भारत में तुष्टिकरण नहीं होता है बल्कि अपने नागरिकों के सशक्तिकरण पर ध्यान दिया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि करोड़ लोगों को शौचालय, घर और राशन मिल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी का विजन ही हमारा मिशन है। इस अवसर पर स्थानीय विधायक और नगर निगम एवं नगर निकाय के भाजपा उम्मीदवार मौजूद थे।

## न्यूज फ्लैश

### जमीन घोटाला: गिरफ्तार छह आरोपितों को भेजा जेल

**टीम एक्शन इंडिया/रांची**
प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रांची में सेना की जमीन सहित अन्य भूमि घोटालों के मामलों में गिरफ्तार छह आरोपितों को 12 दिनों की पूछताछ के बाद गुरुवार को पीएमएलए कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट में सभी आरोपितों की पेशी हुई। पेशी के बाद जेल भेजे गए आरोपितों में प्रदीप बागची, बड़गाई अंचल के सीआई भानु प्रताप प्रसाद, अफसर अली, इम्तियाज अहमद, तलहा खान और सद्दाम हुसैन शामिल हैं। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सात आरोपितों में से एक आरोपित को जेल भेज दिया था। उल्लेखनीय है कि ईडी ने 13 अप्रैल को सेना के जमीन घोटाले मामले में रांची के पूर्व ईडी छवि रंजन सहित बंगाल, झारखंड और बिहार सहित 22 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी ने सात लोगों को गिरफ्तार किया था। छापेमारी में जमीन से जुड़े कागजात ईडी के हाथ लगे थे। पूछताछ में ईडी को कई जानकारियां भी मिलीं। इस मामले में ईडी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन से पूछताछ कर चुकी है।

### स्पाइसजेट ने कैंसिल कर दी गुवाहाटी-जयपुर फ्लाइट, यात्री परेशान

**जयपुर:** स्पाइस जेट की असम के गुवाहाटी से जयपुर के लिए संचालित फ्लाइट गुरुवार को बिना कारण बताए कैंसिल कर दी गई। इससे फ्लाइट में जयपुर के लिए सफर करने के इच्छुक यात्री गुवाहाटी एयरपोर्ट पर ही फंस गए। इस संबंध में जब यात्रियों ने स्पाइस जेट के प्रबंधन अधिकारियों से एकाएक फ्लाइट कैंसल करने की एवज में कनेक्टिंग फ्लाइट मांगी तो उन्हें 10-15 हजार रुपये अतिरिक्त खर्च करने को कहा गया। जो यात्री गुवाहाटी एयरपोर्ट पर अटके हैं, उनमें अधिकांश पैसेंजर टूरिस्ट हैं, जो अपना होटल खाली करके एयरपोर्ट पहुंचे थे। जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी में महासचिव आलोक पारीक ने इसकी पुष्टि की है। पारीक अपने परिवार के साथ निजी काम से गुवाहाटी गए थे। वापसी में उन्हें गुरुवार सवेरे गुवाहाटी से फ्लाइट पकड़नी थी। फ्लाइट का समय सुबह 10:40 का था और सभी यात्री एयरपोर्ट पहुंच चुके थे। लेकिन, फ्लाइट के रवाना होने से करीब 40 मिनट पहले घोषणा की गई कि फ्लाइट तकनीकी कारणों से रद्द की जाती है। इससे जयपुर और दूसरे शहरों के लिए आने वाले 288 यात्री गुवाहाटी एयरपोर्ट पर फंस गए। जानकारों ने बताया कि इस फ्लाइट में 288 यात्री जयपुर आ रहे थे, लेकिन अचानक एयरलाइंस ने फ्लाइट को रद्द कर दिया और दूसरी कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की। ऐसे में जो यात्री गुवाहाटी एयरपोर्ट पर फंसे हैं उन्हें या तो दोबारा होटल बुक करना पड़ेगा या फिर एयरपोर्ट पर ही पूरा दिन और रात काटनी पड़ेगी।

## रामनवमी हिंसा: हाईकोर्ट के फैसले से तृणमूल नाखुश



**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**पश्चिम बंगाल में** रामनवमी के दौरान हावड़ा, हुगली और डालखोला में हुई सांप्रदायिक हिंसा की कलकत्ता हाईकोर्ट ने एनआईए जांच का आदेश दिया है। हाई कोर्ट के इस आदेश पर जहां सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस नाखुश दिखी वहीं भारतीय जनता पार्टी ने इसका स्वागत किया है। गुरुवार को कोर्ट के आदेश के बाद तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने रामनवमी की शोभायात्रा में बंदूक लेकर शामिल हुए एक युवक की तस्वीर साझा की और लिखा कि केंद्रीय एजेंसियां भारतीय जनता पार्टी को बचाती हैं। मुंगेर के हथियारबंद लोगों को बचाने की कोशिश है। केंद्र और भाजपा का एक ही प्लॉट है कि पहले सांप्रदायिक उन्माद फैलाओ उसके बाद एनआईए को प्रवेश करने के लिए मंच बना दो। उसके बाद राजनीति करो। भाजपा शासित राज्यों में एनआईए क्यों नहीं जाती? जैसे

**प्रतिक्रिया**

**एक युवक की तस्वीर साझा की और लिखा कि केंद्रीय एजेंसियां भारतीय जनता पार्टी को बचाती हैं: टीएमसी**

सीबीआई ने अपनी प्राथमिकी में शुभेंदु का नाम रखने के बावजूद उनके भाजपा में होने की वजह से उन्हें गिरफ्तार नहीं किया ठीक उसी तरह से एनआईए करेगी। इधर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले पर ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, "कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत है। कोर्ट ने कहा है कि हिंसा की जांच के सारे दस्तावेज एनआईए को देने होंगे। हिंसा की घटनाएं पूर्व नियोजित थीं और एक खास समुदाय से ताल्लुक रखने वाले तृणमूल समर्थकों की ओर से की गई। यह तभी हुआ जब एक दिन पहले ममता बनर्जी ने उकसावे वाला भाषण दिया था।



काशी में गंगा सप्तमी पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, गंगा का किया दुग्धाभिषेक।

## 'उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में हिमस्खलन की संभावना'

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
राजधानी देहरादून में मौसम का मिजाज बदल गया है। गुरुवार को एक बजे यहां बादलों का आना शुरू हुआ और पौने दो बजे के आसपास बारिश होने लगी। इसी तरह प्रदेश के अन्य जिलों में भी मौसम खराब रहने की संभावना है। राज्य सरकार ने पहले ही चारधाम आने वाले यात्रियों को मौसम को लेकर चेतावनी दे रखी है। उत्तराखंड मौसम विभाग ने प्रदेश में आने वाले चार दिन तक जहां मौसम खराब रहने का अनुमान जताया है वहीं पर्वतीय क्षेत्रों में हिमस्खलन होने के आसार हैं। मौसम विभाग के वैज्ञानिक रोहित थपलियाल का कहना है कि उत्तराखंड में अगले दो से चार दिनों तक मौसम खराब रहने की संभावना हैं। केदारनाथ धाम में भी अगले कुछ दिनों में बर्फबारी के अलर्ट के मद्देनजर जिलों को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश में आने वाले चार दिन मौसम खराब रहने के साथ ही डीजीआरई चंडीगढ़ की ओर तीन जिलों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। डीजीआरई चंडीगढ़ के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली और रुद्रप्रयाग जिलों को अलर्ट पर रहने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## राज्यपाल ने चारधाम साथी मोबाइल एप किया लांच

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने गुरुवार को राजभवन से स्वामी विवेकानंद हेल्थ मिशन सोसाइटी के चारधाम साथी मोबाइल एप्लीकेशन को लांच किया। इस मोबाइल एप का उद्देश्य से चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों को स्वास्थ्य जरूरतों की जानकारी उपलब्ध कराना है। इस मोबाइल एप के जरिए यात्री नजदीकी विवेकानंद हेल्थ मिशन चिकित्सालय की जानकारी, वहां उपलब्ध सेवाएं, आपातकालीन नम्बर की जानकारी आदि प्राप्त कर सकेंगे। विवेकानंद हेल्थ मिशन चारधाम यात्रा स्थानों में ये सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराएगा। यह मोबाइल एप प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद हेल्थ मिशन सोसाइटी की सेवा और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनके किये जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि चारधाम में आने वाले यात्रियों की स्वास्थ्य सुविधा को यह मोबाइल एप बेहद उपयोगी साबित होगा। उन्होंने इस पहल की सराहना की और कहा कि सोसाइटी ने उत्तराखंड में 11 स्थानों पर अपने चिकित्सालय स्थापित किए हैं जो विवेकानंद हेल्थ मिशन के सेवाभाव को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी बद्रीनाथ स्थित चिकित्सालय में भ्रमण किया है। अभी तक हेल्थ मिशन सोसाइटी ने लाखों मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं दी हैं जो अपने प्रशंसनीय है।

## मजदूर नेतृत्व खत्म कर रही है सरकार: उद्धव

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**शिवसेना (उद्धव** बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को कहा कि सरकार मजदूर नेतृत्व खत्म कर रही है। सरकार मजदूर नेतृत्व की जगह ठेकेदारों को पाल रही है और उनसे काली कमाई कर रही है। यह मजदूर वर्ग के लिए घातक साबित हो रहा है। उद्धव ठाकरे आज भारतीय कामगार सेना के 55वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मुंबई में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उद्धव ठाकरे ने कहा कि शिवसेना की स्थापना को 56 साल हो गए और भारतीय कामगार सेना



की स्थापना को 55 साल हो गए हैं। शिवसेना के साथ भारतीय कामगार सेना की स्थापना भूमिपूत्रों को रोजगार देने के लिए की गई थी और यह काम आज भी जारी है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे ने जय जवान, जय किसान, नारे में जय कामगार नारा जोड़ा था। बालासाहेब ठाकरे कहते थे कि सरकार को संवेदनशील होना चाहिए। कोई भी मोर्चा आ रहा है तो मोर्चे को पुलिस के डंडे से दबाना नहीं चाहिए बल्कि जिस विभाग के विरुद्ध मोर्चा है।

**सर्वे में खुलासा** अरेंज मैरिज 3 साल में 68% घटी, 1-3 महीने में ही शादी का फैसला कर लेता है कपल

## देश में लव मैरिज का क्रेज बढ़ा: वेडिंग वायर इंडिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत में** लव मैरिज अब सामान्य होती जा रही हैं। अरेंज मैरिज पिछले तीन साल में ही 24% घट गई हैं। वेडिंग वायर इंडिया के सर्वे के अनुसार, साल 2020 में करीब 68% नए जोड़ों ने कहा कि उनकी शादी अरेंज थी, लेकिन 2023 में सिर्फ 44% नए जोड़ों ने अरेंज मैरिज की बात कही। इस सर्वे रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 41% जोड़े अपनी शादी की योजना 4-6 महीने पहले बना लेते हैं, लेकिन 32% जोड़े 1 से 3 महीने में ही शादी का फैसला ले लेते हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत में 72% मामलों में एंगेजमेंट का समय 6 महीने से कम



होता है, जबकि दूसरे देशों में यह कई साल तक हो सकता है। इसलिए यहां जोड़ों को शादी की योजना बनाने के लिए बहुत कम समय मिल पाता है। अब शादी की योजना बना रहे जोड़े ऑनलाइन संसाधनों का ज्यादा इस्तेमाल करने लगे हैं।
**वेडिंग कंपनियां भी इस ट्रेंड में खुद को ढाल रही हैं:** वेडिंग वायर इंडिया के मार्केटिंग हेड अनम जुबैर बताते हैं कि भारत का शहरी मध्य वर्ग लव मैरिज को सहज तौर पर स्वीकार कर रहा है। वे लव मैरिज को भी अरेंज की तरह ही पूरे तौर-तरीके से कर रहे हैं। वेडिंग कराने वाली कंपनियां भी अब इस ट्रेंड के अनुसार खुद को ढाल रही हैं।
**जोड़े शादियों की ऑनलाइन प्लानिंग कर रहे:** भारत में जेन जेड जोड़े अब शादी बाजार के नए ग्राहक हैं, लेकिन वे अपनी शादी की बजटिंग से वेंडर ढूंढ़ने तक का सारा काम ऑनलाइन कर रहे हैं। वेडिंग वायर इंडिया के सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, वेडिंग के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म का इस्तेमाल करने में 11% बढ़ोतरी हुई है। बैचलर्स, सिंगलहुड, सोलोगैमी, सिंगल वुमन जैसे शब्द अब ट्रेंड बनते जा रहे हैं।

